तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 25 जून 2026





इमलीपारा रोड पर स्थित काम्प्लेक्स की दुकान खुली नहीं और सामने सजने लगी वाहनों की खरीदी-बिक्री की दुकानें।








# बाजार में जामुन की ऐसी भरमार कहीं सूखे का संकेत तो नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

बाजार में इस साल जामुन का कब्जा हो गया है। हर कदम पर चारों ओर ठेलों में जामुन ही जामुन नजर आ रहे हैं। बड़े बुजुर्गों ने जामुन की बंपर पैदावार वाले साल को जहां संभावित सूखे व अकाल का साल बताया है, जून के अंत तक गायब बारिश भी यही संकेत दे रही हैं, लेकिन कृषि वैज्ञानिक ऐसा नहीं मानते, उनके अनुसार जामुन की बंपर पैदावार के पीछे मौसम की अनुकूलता है। शहर में इस साल भी पानी के लिए हाहाकार मचा था, लेकिन आने वाला साल अगर संभावित सूखे का साल है, तो यह पानी बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने वाला साल होना चाहिए।

जिन पेड़ों में कभी भी जामुन नहीं लगते थे, या कम लगते थे, वे पेड़ भी इस साल जामुन के फलों से लद गए हैं। इससे यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं इस साल सूखा तो नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि मान्यता है कि जिस साल जामुन की फसल अधिक होती है, उस साल सूखा पड़ता है। हालांकि इस संबंध में विज्ञान कुछ और कहता है। विज्ञान की नजर से देखें तो इस प्रक्रिया को "मास्टिंग" या "स्ट्रेस फ्रूटिंग" कहा जाता है। पेड़ों द्वारा खुद को झोंककर ज्यादा से ज्यादा फल देने की इस आखिरी कोशिश को कभी-कभी "सुसाइड फ्रूटिंग" या "बंपर क्रॉप" भी कहते हैं। जामुन के पेड़ों को जमीन के भीतर पानी की कमी महसूस होने पर वे डिफेंस मोड में चले जाते हैं और खुद को बचाने के बजाय अपनी प्रजाति को धरती पर बनाए रखने के लिए पेड़ अपनी पूरी ऊर्जा "बीज" यानी फल बनाने में लगा देता है। इस दौरान पेड़ नई पत्तियों व डालियों पर भी रोक लगा देता है, ताकि अधिक पानी खर्च न हो।

- बड़े-बुजुर्गों की मान्यता, जामुन की बंपर पैदावार याने अकाल की संभावना
- कृषि वैज्ञानिकों ने पैदावार को मौसम की अनुकूलता माना



### क्या है जामुन की खासियत ?

वैसे तो पेड़-पौधे मौसमी बदलाव को इंसानों से कहीं ज्यादा संवेदनशीलता से पहचानते हैं, लेकिन जामुन की बात ही अलग है। जामुन की जड़ "तप जड़" होती है, जो जमीन की काफी गहराई तक जाती है। भूजल स्तर अधिक नीचे जाने की स्थिति में इसकी जड़ों को तनाव महसूस होता है, जो आने वाले सूखे या कड़ी गर्मी का संकेत होता है। इसलिए, जिस साल गर्मी में जामुनों का ऐसा अभूतपूर्व ढेर लगता है, वो प्रकृति की तरफ से आने वाले सूखे समय की चेतावनी होती है।

### क्या कहता है कृषि विज्ञान?

इस विषय पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण की बात की जाए तो इनका मत अलग है। कृषि वैज्ञानिक डॉ अमित शुक्ला का मानना है कि किसी साल जामुन का अधिक लगना मौसम की अनुकूलता पर निर्भर करता है। जैसे फरवरी-मार्च महीने में जामुन के फूल आने के समय अच्छी धूप का मिलना, मधुमक्खियों द्वारा बेहतर परागण होना, या उस साल कीटों का हमला कम होना। इसके अलावा कई पेड़ों का एक प्राकृतिक चक्र भी होता है, जिसमें वे एक साल बहुत अधिक और अगले साल कम फल देते हैं। ऐसे में इस साल जामुन की बंपर पैदावार को भविष्य में आने वाले सूखे या बारिश की कमी का वैज्ञानिक संकेत नहीं माना जा सकता है।

### भूमिगत जलसंकट से बड़े वृक्ष प्रभावित

जंतु व वनस्पति दोनों स्वम की पीढ़ी कायम रखने के प्रति अधिक संताने पैदा करते हैं। वर्तमान में भूमिगत जलसंकट से बड़े वृक्ष प्रभावित हैं । आम, महुआ की तुलना में जामुन का पेड़ अधिक संवेदनशील है। अतः अधिक पानी की मांग का है। भारत को जम्बू दीप कहा गया है। सूखा तो है और बढ़ता जा रहा है। जामुन के फल और बीज दोनों औषधि उपयोग के हैं । अतः बाजार से गायब है। आम- महुआ के विपरीत जामुन प्रति वर्ष फलता है।

- **आरवी शुक्ला,** पूर्व कुलपति वनस्पति शास्त्री









## खबर संक्षेप

### मोहल्ला समितियां क्षेत्र के विकास में सहायक

**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल ने बिलासपुर की नवगठित मोहल्ला समिति के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सदस्यों एवं समस्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि मोहल्ला समितियां केवल एक संगठनात्मक व्यवस्था नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र के विकास, जनभागीदारी और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। स्थानीय स्तर पर नागरिकों की समस्याओं के समाधान, सामाजिक गतिविधियों के संचालन तथा विकास कार्यों में जनसहभागिता सुनिश्चित करने में इन समितियों की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है, जिसमें मोहल्ला समितियां एक प्रभावी सेतु का कार्य करती हैं। ऐसी समितियां न केवल सामाजिक एकता को मजबूत करती हैं, बल्कि क्षेत्र की आवश्यकताओं और जनभावनाओं को भी प्रभावी ढंग से सामने लाने का कार्य करती हैं। श्री अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि नव निर्वाचित पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ करते हुए क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, सामाजिक सद्भाव और जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



## मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के साथ हुआ मृत बंदी का पोस्टमार्टम



### वारदात में प्रयुक्त स्लैब का टुकड़ा व सीसीटीवी फुटेज जब्त

# जेल की बैरक में सीन आफ क्राइम साक्ष्य एकत्रित, जेल प्रहरी सस्पेंड

**बिलासपुर।** जेल की बैरक में बंदी की हत्या के मामले जांच के लिए मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में एफएसएल की टीम ने बुधवार को सीन ऑफ क्राइम कर साक्ष्य एकत्रित किया। वहीं पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त सीमेंट के स्लैब का टुकड़ा व सीसीटीवी फुटेज जब्त किया है। वारदात के बाद सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर जेल प्रहरी को सस्पेंड कर दिया गया है।


जेल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल

जेल बैरक में पॉक्सो के बंदी की कैदी ने की हत्या

हरिभूमि में 24 जून को प्रकाशित खबर।

23 जून की सुबह 9.30 बजे केंद्रीय जेल ई - 1 बैरक में आराम कर रहे पाक्सो एक्ट के बंदी कोटा दबनपुर निवासी नीलू जगत पिता देवलाल जगत 27 साल की तिहरे हत्याकांड के कैदी मुंगेली चमारी निवासी राजेश राय पिता हरि राय 40 साल ने सीमेंट के स्लैब से हमला कर हत्या कर दी थी। 24 जून को मजिस्ट्रेट अनुप तिग्गा, सिटी मजिस्ट्रेट, सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, सिविल

लाइन टीआई किशोर केंवट, एफएसएल की टीम के साथ जेल पहुंचे। जेल अधीक्षक से घटना की जानकारी लेने के बाद घटनास्थल ई - 1 बैरक का निरीक्षण किया। एफएसएल की टीम के द्वारा बैरक में मृतक के स्थान पर दूसरे बंदी को सुलाकर सीन ऑफ क्राइम कर साक्ष्य एकत्रित किया गया। उसके बाद वार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज का अवलोकन किया गया, जिसमें हत्या की पुरी वारदात नजर आ रही है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व वारदात में प्रयुक्त स्लैब, खून के धब्बे सहित मलबा जब्त कर लिया है।

### कैदी व प्रहरियों का बयान दर्ज

जांच टीम को बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदी व कैदियों के पास दवाओं का ढेर मिला। सभी बंदी मानसिक रोगी थे और उनका इलाज चल रहा था। पुलिस के द्वारा बैरक उपस्थित बंदी व कैदियों व सुरक्षा में तैनात जेल प्रहरियों का बयान दर्ज किया गया है। बंदियों के द्वारा अलग अलग बातें कही जा रही हैं, जिससे हत्या के कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। बताया जाता है आरोपी राजेश राय की सजामाफी का आवेदन खारिज हो गया था। उसके बाद से गुमसुम रहा रहा था। वहीं उसके भाई सजामाफी में रिहा हो गया था।

### डाक्टरों की टीम ने किया पोस्टमार्टम

न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री तिग्गा के द्वारा परिजनों का बयान लेने के बाद वीडियोग्राफी के साथ डाक्टरों की टीम ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया। उसके बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। परिजन हत्या की वारदात को लेकर काफी आक्रोशित थे और जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे।

### जेलप्रहरी को सस्पेंड का खानापूर्ति

जेल के अंदर बंदी की हत्या की वारदात से जेल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर वार्ड में ड्यूटी पर तैनात जेल प्रहरी धरम कोठारी को सस्पेंड कर खानापूर्ति कर ली है। अतिसंवदेनशील जिस वार्ड में 200 से अधिक मानसिक रोगी कैदी व बंदी रह रहे थे। वहां मात्र एक जेलप्रहरी की ड्यूटी लगाई गई थी, जो सुरक्षा में बड़ी चूक है।

### जेल अधीक्षक को बर्खास्त करने की मांग

मृतक बंदी नीलू जगत की पत्नी परमेश्वरी जगत ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की उपस्थित में अतिरिक्त कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जेल अधीक्षक व कर्मचारियों को बर्खास्त करने, आरोपी को मृत्युदंड व 50 लाख रुपए मुआवजा व शासकीय नौकरी दिलाने की मांग की है।

### सीसीटीवी फुटेज व स्लैब जब्त

बंदी की हत्या के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया है। जेल बैरक में सीन ऑफ क्राइम कर साक्ष्य एकत्रित कर सीसीटीवी फुटेज, वारदात में प्रयुक्त स्लैब, खून के धब्बे सहित मलबा जब्त किया गया है।

- **निमितेश सिंह परिहार** सिविल लाइन सीएसपी

# 160 एमवीए के नए ट्रांसफार्मर से बढ़ेगी बिजली क्षमता

## मोपका में 7 करोड़ रुपए की लागत से लगाया गया ट्रांसफार्मर, नियमित होगी बिजली सप्लाई

**बिलासपुर।** शहर और आसपास क्षेत्र में बिजली सप्लाई के लिए मुख्य सब स्टेशन मोपका में 7 करोड़ रुपए की लागत से 160 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे बिजली क्षमता में वृद्धि होगी। इससे पहले लगाया गया पुराना ट्रांसफार्मर पूरी तरह से फेल हो गया था, जिसके कारण उपभोक्ताओं को भी बिजली बंद की समस्या से जूझना पड़ रहा था।



शहर के साथ आसपास ग्रामीण एरिया सहित इंडस्ट्रियल क्षेत्र में बिजली सप्लाई के लिए बनाए गए सबस्टेशन में मोपका के पावर सबस्टेशन से ही बिजली की सप्लाई की जाती है। मोपका में बिजली की सप्लाई से कोरबा से होती है। मोपका में किसी तरह की तकनीकी खराबी के बाद आधे से अधिक शहरों की बिजली व्यवस्था ठप पड़ जाती है। इस तरह की समस्या से बिजली विभाग के उपभोक्ताओं को काफी दिन से जूझना पड़ रहा है। बार-बार बिजली बंद होने के कारण अधिकारी और कर्मचारी भी सुधार कार्य करते हैं, लेकिन स्थिति जस की तस रहती है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने ग्रामीण एवं शहर के क्षेत्रों में बेहतर बिजली आपूर्ति करने की दिशा में मोपका में बने 220/132 केव्ही उपकेन्द्र में 160 एमव्हीए क्षमता का नया पॉवर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक उर्जीकृत कर दिया है। इस ट्रांसफार्मर के शुरु होने से जिले के करीब 50 से 60 फीसदी उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। इससे पहले 6 जनवरी को मोपका उपकेन्द्र का पुराना ट्रांसफार्मर विफल हो गया था। पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नवीन पावर ट्रांसफार्मर को स्थापित किया है। इस दौरान ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक पारेषण आरके शुक्ला ने कहा कि नवीन पॉवर ट्रांसफार्मर के उर्जीकरण होने से उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण और बिना किसी रूकावट बिजली मिलेगी।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक कल्पना घाटे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सतीश कुमार दुबे, अधीक्षण अभियंता गौतम केनार, व्हीबीएस कंवर, रवि चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता जीआर जायसवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।









### दो दिवसीय श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव 27 से

**बिलासपुर।** दो दिवसीय श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव 27 और 28 जून को श्री सदगुरू कबीर गुरू धर्मदास मंदिर जरहाभाठा में आयोजित किया जा रहा है। मंडल के कार्यक्रम अध्यक्ष मुन्ना दास मानिकपुरी ने बताया कि 27 जून शनिवार को सुबह 9 बजे गुरू महिमा पाठ सत्संग भजन होगा। 28 जून रविवार को कबीर सत्संग भजन दोपहर 2.30 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती होगी। इस दौरान कबीर पंथ समाज सामूहिक विवाह समारोह आमीन माता महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरू दास दीवान, केदार महंत, कुंजू दास, मन्नू चतुर्वेदी, बहोरन दास, गणेश साहू, सुमित दास, मुकेश दास, हीरा दास, दिलहरण दास, योगेश साहू, सोनू दास, राकेश जगत, सुखीन बाई, आदि तैयारी में जुटे हैं।

## खबर संक्षेप

### पार्षद एवं पालकों की उपस्थिति में बच्चों को कराया शाला प्रवेश



**बिलासपुर।** शासकीय प्रायोगिक पूर्व मा शाला एवं प्राथमिक शाला कुम्हार पारा के द्वारा संयुक्त शाला प्रवेश उत्सव सत्र 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद रीताशंकर कश्यप एवं पालकों द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाया गया। किताबों एवं गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन किशोर शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठिका सीमा चिनप्पा ने किया। आज के कार्यक्रम में राजेश पान्डेय, मोनिका पान्डेय, शबाना परवीन, नेहा गुप्ता बी० संतोष कुमार, नरेन्द्र कुमार, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं शामिल रहे।

### सृष्टि को पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजा गया

**बिलासपुर ।** उत्कृष्ट और जमीनी शोध कार्य के लिए सृष्टि ताम्रकार को पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजा गया है। उन्होंने अपना शोध कार्य "ब्रांड ट्रस्ट, ब्रांड लव और लायल्टी इंटेंशन : आनलाइन उपभोक्ता के दृष्टिकोण से संबंधों का परीक्षण" विषय पर पूरा किया है। उनके शोध-प्रबंध से ग्रामीण-अर्धशहरी क्षेत्रों का डिजिटल सशक्तिकरण, सुरक्षित ऑनलाइन खरीदारी, स्थानीय ई-कॉमर्स को बढ़ावा और उपभोक्ता संरक्षण नीतियों को बल मिलेगा। वे राजेश ताम्रकार एवं अनीता ताम्रकार की सुपुत्री हैं।



### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश को मिली पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** बेमेतरा में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव को एयू बिलासपुर द्वारा अंग्रेजी साहित्य विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि उनके शोध प्रबंध उन्हें यह उपाधि द कम्प्रेटिव स्टडी आफ वर्ल्डवार्थ एण्ड सुमित्रानंदन पंत इन द लाइट आफ रोमेटिक्सम एण्ड छायावाद के लिए प्रदान की गई है। हरीश ने एयू के कुलपति डॉ. ललित पटेरिया, पूर्व कुलपति डॉ. ए.डी.एन. बाजपेयी, कुलसचिव तारनिष गौतम, कुलसचिव तरुण धर दिवान, अपने शोध निर्देशक डॉ. ए.के. सिंह, पूर्व शोध निर्देशक डॉ. यू.एन. कुर्रे, डॉ. सुनीता तिवारी, डॉ. बिंदा शर्मा का आभार व्यक्त किया है।



# डॉ. रमन विवि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**बिलासपुर।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव तथा दैनिक जीवन की वास्तविक समस्याओं के समाधान में इसकी भूमिका पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर में 24 एवं 25 जून को आयोजित द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन दैनिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता - वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में का शुभारंभ हुआ। इसमें देशभर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, तकनीकी विशेषज्ञों तथा विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विविध आयामों पर अपने विचार साझा किए।

यह कार्यक्रम सूचना प्रौद्योगिकी एवं संगणक विज्ञान विभाग आईसीसी और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया.। इसके उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रायपुर एन आई टी कंप्यूटर साइंस के प्रमुख प्रो. दिलीप सिंह सिसोदिया ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी नवाचार का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और प्रशासन सहित अनेक क्षेत्रों में परिवर्तनकारी भूमिका निभाने वाली तकनीक है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से समाज की जटिल समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। युवाओं को इसके नैतिक और रचनात्मक उपयोग की दिशा में कार्य करना चाहिए।



### आज का युग ज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी का युग : कुलपति

विवि के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि आज का युग ज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी का युग है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाली प्रमुख तकनीकों में से एक है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन अनुसंधान, नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समकुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करते हुए समाजहित में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया।

### चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा आज

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अभिनव शुक्ला, डॉ. आयुष अग्रवाल, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सह समन्वयक डॉ सौरभ मित्रा रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी पांडे ने किया। सम्मेलन का दूसरा दिन भी विविध तकनीकी एवं शोधपरक सत्रों के साथ आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नवीनतम विकास, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

# कांग्रेस आज भी आपातकाल की मानसिकता से काम कर रही

## भाजपा कार्यालय में प्रेमप्रकाश पाण्डेय की प्रेस वार्ता

**बिलासपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय का कहना है कि कांग्रेस आज भी आपात काल के मानसिकता से काम कर रही है और भाजपा कभी भी आपात काल के पक्षधर नहीं रही। उन्होंने बताया कि 25 जून 1975 भारत के इतिहास का सबसे काला दिन था जब तत्कालीन राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद ने तब के प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन देश में आपातकाल लगा दिया था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि अलोकतांत्रिक काल था। इस दौरान सभी चुनाव स्थगित हो गये तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त कर मनमानी की गई।



भाजपा कार्यालय में आज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने पत्रकार वार्ता में बताया कि लोकनायक स्व.जयप्रकाश नारायण ने इसे भारतीय इतिहास का काला अध्याय बताया था। आपातकाल की घोषणा के साथ ही देश के सभी विपक्षी दलों के नेताओं को बिना किसी कारण के जेल में ठूंस दिया गया। उन्होंने बताया कि श्रीमती इंदिरा गांधी की तानाशाही भ्रष्टाचार एवं अन्य अनियमितताओं के खिलाफ देशभर में भयंकर आक्रोश था। श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रतिद्वंदी रहे राजनारायण की चुनाव याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा श्रीमती गांधी के खिलाफ फैसला देने पर उनके हाथ से सत्ता निकलती दिखी, तब उन्होंने तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश में आपातकाल लगा दिया। अटल बिहारी बाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, अरूण जेटली, मलकानी, जार्ज फर्नाडीह, नीतिश कुमार, सुशील मोदी, रामविलास पासवान, शरद यादव, रामबहादुर राय सहित हजारों नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि बड़े ही त्याग और बलिदान से प्राप्त इस लोकतंत्र को कांग्रेस नेत्री तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने धज्जियां उड़ाते हुए आधी रात को खत्म कर देश को फिर से तानाशाही और गुलामी के बियाबान में धकेल दिया जहॉं से 1947 में निकलकर भारत वापस आया था।

### उसकी देन कमेटी ने दिया हुसैनी पैगाम, कौमी एकता और इंसानियत की रोशनी से किया सराबोर

**बिलासपुर।** उसकी देन कमेटी द्वारा आयोजित सात दिवसीय मजलिस, तकरीर और शोहदाए कर्बला की याद में आयोजित कार्यक्रम का समापन हो गया। कमेटी के गौरवशाली 47वें वर्ष के अवसर पर आयोजित इस श्रृंखला में प्रो मुख्तार अशरफ ने लगातार सात दिनों तक बिलासपुर की अवाम को कर्बला के संदेश, इंसानियत, शिक्षा, कौमी एकता और सामाजिक जागरूकता का पैगाम दिया।




रमजानी बाबा हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रो मुख्तार अशरफ ने कहा कि कर्बला केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं बल्कि इनसाफ, सत्य, त्याग और मानवता की रक्षा का प्रतीक है। कमेटी के संयोजक शेख नजीरुद्दीन (पूर्व सभापति नगर निगम) की सेवाओं की सराहना करते हुए प्रोफेसर मुख्तार अशरफ का स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे विद्वानों और चिंतकों की आज देश को आवश्यकता है, जो समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर फरहान बक्स, हसनैन अली, जियाउद्दीन प्यारे, इकराम भैया, अदनान अली, शाहिद लालखदान, शाहिल शेख, अब्दुल कलीम, मोहम्मद अली, अब्दुल रज्जाक बड़े, इंसान अली बब्बू, आदिल भाई, असद, अब्दुल रशीद, रिजवान शानू, जैद, वसीम बक्स, हाजी कादिर, हाजी निशार, हाजी जफर, खालिद (सिटी मैन टेलर), प्यारू भाई, अबरार भाई, आरिफ बेग, शेख निजामुद्दीन, मिर्जा वसीम बेग, शबाब अली, शाहिद सहित कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य एवं शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### एयू ने गुरुवार को होने वाली यूटीडी परीक्षाओं को किया स्थगित

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग द्वारा यूनिवर्सिटी शिक्षण विभाग यूटीडी में गुरुवार को होने वाली परीक्षाओं को ठीक एक दिन पहले बुधवार को स्थगित करने का आदेश निकाला है। अचानक यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा स्थगित किए जाने से यूटीडी के परीक्षार्थियों को झटका लगा है। अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी की समस्त कक्षाओं की 25 जून को होने वाली सेमेस्टर परीक्षा बुधवार को अचानक स्थगित कर दी गई है। यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग द्वारा परीक्षाएं स्थगित किए जाने जो आदेश निकाला गया है, उसमें परीक्षा की आगामी तिथि अभी तय नहीं की गई है। असल में अटल यूनिवर्सिटी में 25 जून को स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित होने वाला है। इस कार्यक्रम को ध्यान में रखकर ही परीक्षा स्थगित की गई है, जिससे यूटीडी के विद्यार्थियों को झटका लगा है और उनमें नाराजगी है। छात्रों का कहना है कि वे निर्धारित टाईम-टेबल के अनुसार परीक्षा की तैयारी कर चुके थे, किन्तु ठीक एक दिन पहले अंतिम समय में परीक्षा स्थगित कर दिया गया, जिससे उनकी परीक्षा तैयारी प्रभावित होगी। यूनिवर्सिटी का स्थापना जून 2012 में हुई थी और प्रतिवर्ष 25 जून को स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसके बावजूद परीक्षा कार्यक्रम तैयार करते समय इस महत्वपूर्ण तिथि का ध्यान नहीं रखा गया। परीक्षार्थियों का यह भी कहना है कि वे कई दिनों से योजनाबद्ध तरीके से परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए थे।

## एजुकेशन प्लस

### अरपा रिवर वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने किया मल्हार का शैक्षणिक भ्रमण



**बिलासपुर।** अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल मस्तूरी डेका के नर्सरी, प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों ने 24 जून को मल्हार फोर्ट एवं पातालेश्वर मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राचार्य फरहान अहमद ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों को ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित कराना था। मल्हार पहुंचकर विद्यार्थियों ने प्राचीन पातालेश्वर मंदिर की स्थापत्य कला का अवलोकन किया तथा शिक्षकों से इसके इतिहास की रोचक जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और नई बातें सीखीं। भ्रमण के दौरान उन्होंने फोर्ट परिसर के उद्यान में मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया तथा स्वच्छता, अनुशासन और सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण का महत्व भी जाना। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान, अवलोकन क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। यह यात्रा बच्चों के लिए शिक्षाप्रद, आनंददायक और यादगार अनुभव सिद्ध हुई।

### एरीना में क्रेडिट योर मेरिट योजना का लाभ लेने अंतिम तिथि 27 तक

**बिलासपुर।** एरीना एनीमेशन बिलासपुर संस्था विद्यार्थियों के लिए संचालित क्रेडिट योर मेरिट योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को उनकी पिछली बोर्ड परीक्षा, स्नातक परीक्षा अथवा अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर फीस में विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इस योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि 27 जून है। बिलासपुर एरीना अकादमी के प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने बताया कि यह योजना मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें आधुनिक रचनात्मक एवं तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। विद्यार्थियों को उनके पूर्व शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर आकर्षक फीस छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसी के साथ शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी. वोक इन एनीमेशन में प्रवेश भी प्रारंभ हो चुके हैं। इस उद्योग उन्मुख स्नातक पाठ्यक्रम में इस वर्ष केवल 20 सीटें उपलब्ध हैं। सीमित सीटों के कारण इच्छुक विद्यार्थियों को शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की सलाह दी गई है। आज एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) उद्योग भारत के सबसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में शामिल है। डिजिटल मनोरंजन, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, गेमिंग, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया कंटेंट, वर्चुअल प्रोडक्शन तथा इंटरैक्टिव मीडिया की बढ़ती मांग के कारण इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है।



# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

29 YEAR'S Legacy in Education

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** | **SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS** | **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
- BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery)
- B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
- B.Tech Agri.
- B.Sc. Agri.

## प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

### Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

### Engineering
**M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic**
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Public Health
- MPH (Master of Public Health)

### Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

### Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

### Science
**B.Sc (Hons)/M.Sc**
- Forensic Science
- Chemistry
- Maths
- Computer Sceince
- Physics
- Zoology
- Animation & Visual Effects
- Botony
- Microbiology
- Biotechnology
- Home Science
- IT

### Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
- Hospital Mgt.
- Financial Mgt
- Marketing Mgt.
- Human Resource Mgt.

**B.A.(Hons)/ M.A**
- Psychology
- English
- Sociology
- Yoga
- Hindi
- Sanskrit
- Economics
- History
- Geography
- Political Science

- B.Com.(Hons)
- M.Com
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस( ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

## ''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

## PLACEMENT SELCTION 2026



**TOP RECRUITERS**

WIPRO LTD. · ASHOK L bY LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS Ltd. · TATA CONSULTANCY SERVICES · L & T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. · CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. · ULTRATECH CEMENT · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07
www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com

**SUN PUBLIC SCHOOL**
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
ADMISSIONS OPEN
Day Boarding School
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

**सन प्राइवेट आई.टी.आई.**
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
- छात्रवृत्ति की सुविधा
- हॉस्टल की सुविधा
प्रवेश प्रारंभ
- इलेक्ट्रीशियन, फिटर } 2 वर्ष
- कोपा, स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
9589158888, 9109186606

**खबर संक्षेप**

### मसनी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ 25 से

**तखतपुर।** संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन मसनी में 25 जून से 2 जुलाई तक किया गया है जिसमें कथा वाचक पं सुरेंद्र कुमार द्विवेदी, मुख्य यजमान श्रीमती पुष्पा कृष्णा साहू है। तैयारी में मनोज साहू, पंचराम साहू, जेठूराम साहू, पिल्लूराम साहू सहित अन्य जुटे हुए है।

### पावर लिफ्टिंग में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे जयदीप

**लोरमी।** नगर के युवा जयदीप



वैष्णव राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 23 जुलाई को औरंगाबाद महाराष्ट्र में होगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन भारत की ओर से अमेरिका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए करेंगे। 46 वर्षीय जयदीप मास्टर्स श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करता है। वे अब तक 20 गोल्ड, 2 सिल्वर एवं एक ब्रांज मेडल अपने नाम कर चुके हैं। आगामी तैयारी के लिए जयदीप प्रतिदिन जिम में पसीना बहाकर चुनौती को आसान बनाने में लगे हैं।

### 17 गांव में निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ की स्वीकृति

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अधोसंरचना निर्माण के लिए क्षेत्र के 17 ग्राम पंचायतों के सीसी रोड,शेड निर्माण, नाली निर्माण के लिए 1 करोड़ एक लाख अठारह हजार की स्वीकृति आदेश जारी किया गया। अरुण साव ने कहा कि क्षेत्र में दौरा के दौरान ग्रामीणों की आवश्यकता को ध्यान रखते हुए यह निर्माण कार्य स्वीकृति कराए गए गए हैं। इससे आवागमन सुदृढ़ होंगे। ग्रामीण स्तर पर विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में ग्रामीण अंचल की सड़क शहर से पूर्ण रूप से जोड़ने का प्रयास किए जाएंगे। भाजपा की सरकार हर क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाने रूप रेखा तैयार किए जा रहे हैं।

**निधन**

### अमिता पांडे

**बिलासपुर।** हटरी चौक जूना



बिलासपुर निवासी अमिता पांडे का 24 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जून को सुबह 10 बजे मधुबन शमशान घाट दयालबंद में किया जाएगा। वे स्वर्गीय हनुमान प्रसाद पांडे (अधिवक्ता) की पुत्री, दिनेश चंद्र पांडे एवं हरीश चंद्र पांडे की बहन थीं। उनका अंतिम संस्कार दिनांक 25 जून की सुबह 10 बजे मधुबन शमशान घाट दयालबंद में होगा।

### प्रिया साव

**बिलासपुर।** क्रिकेट खिलाड़ी बंगाली



पारा सरकंडा निवासी कु. प्रिया साव का 24 जून को निधन हो गया। वे 24 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अक्षय साव की पुत्री थीं।

## बटुकों की शोभायात्रा में शामिल हुए सामाजिकजन

# भैरव बाबा मंदिर परिसर में 31 बटुकों का उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सनातन संस्कृति और वैदिक परंपराओं के संरक्षण की दिशा में अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए रतनपुर स्थित शक्तिपीठ भैरव बाबा मंदिर प्रांगण में निःशुल्क उपनयन (व्रतबंध) संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे ब्राह्मण बटुकों का पूर्ण वैदिक रीति-रिवाज एवं शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ संस्कार संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन विप्र जागरण प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पं. जागेश्वर अवस्थी के निर्देशन में किया गया। उन्होंने बताया कि अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित यह उपनयन संस्कार का चौथा वर्ष है, जो लगातार वैदिक परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप संपन्न कराया जा रहा है। संस्कार के बाद बटुकों की शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि प्रदेशभर के अलग-अलग जिलों से आए लगभग 31 ब्राह्मण बटुकों का निःशुल्क उपनयन संस्कार कराया गया। विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में यज्ञोपवीत धारण, गायत्री मंत्र दीक्षा सहित अन्य वैदिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराए गए।





भैरव बाबा मंदिर में बटुकों के साथ परिजन व आचार्य।

**इनका रहा सहयोग-** इस आयोजन को आचार्य पंडित राजेंद्र दुबे, उपाचार्य पंडित कान्हा तिवारी, महेश्वर पांडे एवं दीपक अवस्थी सहित अन्य विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन और शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ विधिवत संपन्न कराया गया। पूरे संस्कार के दौरान वातावरण मंत्रध्वनि से गुंजायमान रहा और उपस्थित श्रद्धालुजन भक्ति-भाव में डूबे नजर आए। आचार्यों द्वारा बटुकों को यज्ञोपवीत धारण कराकर गायत्री मंत्र की दीक्षा भी प्रदान की गई, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

### संस्कार का विशेष महत्व

नारीशक्ति प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रमुख चित्रा तिवारी ने कहा कि सनातन संस्कृति में वर्णित षोडश संस्कारों में उपनयन संस्कार का विशेष महत्व है। इस संस्कार के बाद ही बटुक गायत्री मंत्र जप और वैदिक अध्ययन का अधिकारी बनता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं।

### दिखी सनातन परंपरा

रतनपुर के भैरव बाबा मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में पूरे दिन आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए संस्कार ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सनातन परंपराओं की झलक दिखाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में रतनपुर नारीशक्ति प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कल्याणी शर्मा, पं. कान्हा तिवारी एवं पं. राजेंद्र शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्रतीक तिवारी, गुंजा पाण्डेय, सुनीता तिवारी, सविता वीरेंद्र शर्मा, मंजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन, अभिभावक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बंदी की मौत की जांच हो, पत्नी को मिले शासकीय नौकरी: अटल

**बिलासपुर।** कोटा क्षेत्र के ग्राम दवनपुर निवासी विचारधीन बंदी नीलू जगत की केन्द्रीय जेल बिलासपुर में हत्या होने पर मृतक के परिवार जन ग्रामीण एवं आदिवासी समाज के लोग भारी संख्या में न्याय की मांग लेकर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के निवास पहुंचे।

विधायक अटल श्रीवास्तव ने परिवारजनों ग्रामीणों एवं आदिवासी समाज जनों को साथ लेकर प्रभारी कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे से मुलाकत कर विचारधीन बंदी नीलू जगत की हत्या की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराने एवं मृतक की पत्नी को शासकीय नौकरी प्रदान करने के साथ 50 लाख रुपए मुआवजा प्रदान कर परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि विचारधीन बंदी राज्य की अभिरक्षा में था इसलिये उसकी सुरक्षा करना शासन एवं जेल प्रशासन की जिम्मेदारी थी। इस घटना की निष्पक्ष उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कर हत्या के दोषी को कठोर से कठोर सजा मिले एवं लापरवाह जेल प्रशासन पर कड़ी कार्यवाही हो ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो।

- मृतक के परिजन एंव समाज के प्रमुखजनों के साथ प्रभारी कलेक्टर से की मुलाकात

अटल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि मृतक की पत्नी मात्र 24 वर्ष की है एवं 2 वर्ष की बेटी है। मृतक के परिवार के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट भरण-पोषण बच्चे की शिक्षा एवं भविष्य की जिम्मेदारी का निर्वहन करना कठिन हो जाएगा पीड़ति आदिवासी परिवार के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये 50 लाख रुपए मुआवजा प्रदान करने तथा हत्या की न्यायिक जांच करा कर दोषियों के विरूध्द कठोर सजा की मांग की। अटल श्रीवास्तव के मांग पर जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने 7.5 लाख रुपए का मुआवजा यथा शीघ्र प्रदान करने आश्वस्त किया। अटल श्रीवास्तव ने पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किया। परिवारजनों ने घटना की सीसीटीव्ही रिर्कार्डिंग देखने की मांग की। अटल श्रीवास्त्व के निर्देश पर जेल अधीक्षक ने परिवारजनों को घटना का सीसीटीव्ही विडियो दिखाया गया। इस अवसर पर अरूण त्रिवेदी आदित्य दीक्षित अभयनाराण राय देवलाल जगत प्रभु जगत मनोहर ध्रुव धामसिंह मृतक के परिवार एवं समाजजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लगी ग्राम सभा

**सीपत।** ग्राम पंचायत सीपत में आवास योजनाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, उपसरपंच श्यामा शशिकांत साहू एवं ग्राम पंचायत सचिव हेमंत पटेल द्वारा किया गया।

ग्रामसभा में शासन की विभिन्न योजनाओं को ग्राम स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित करने एवं उनका शत-प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि ग्राम पंचायत सीपत में मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सीपत के रोजगार सहायक संजय गढ़ेवाल, सभी वार्डों के पंच, जनप्रतिनिधि, महिला समूहों की सदस्याएं, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामसभा में ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई तथा पंचायत के समग्र विकास का संकल्प दोहराया गया।





ग्रामसभा में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अन्य।

# सिरगिट्टी स्कूल में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बनी गायत्री

**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरगिट्टी में सत्र 2026-27 के लिए शासन के निर्देशानुसार, शाला प्राचार्य के मार्गदर्शन में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन समस्त अभिभावकों की सर्वसम्मति से किया गया।



कार्यक्रम के दौरान बलराम देवांगन द्वारा अध्यक्ष पद हेतु गायत्री दुबे का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे उपस्थित सभी अभिभावकों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन प्रदान किया। उपाध्यक्ष पद के लिए पुष्पेंद्र साहू द्वारा धनंजय नवरंग का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अतिरिक्त समिति के सदस्य के रूप में बलराम देवांगन, मनोज दुबे, पुष्पेंद्र साहू, दुर्गेश यादव, दिनेश कौशिक, कृष्णा पाण्डेय, गिरधर पाटले, योगेश गुप्ता, फागूराम, हरिशंकर, गुरुदेव प्रसाद बारले, दिलेंद्र मनहर, सविता श्रीवास, गंगाबाई, पंच कुमारी, अनिल कुमार सोनी, निशा निषाद, चंद्रशेखर, बल्लू कुमार, सनत कुमार, केवट, अनिल साहू, संजू रजक, विजय गोस्वामी आदि का चयन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने विद्यालय के समग्र विकास, सुव्यवस्थित संचालन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित समस्त अभिभावकों एवं समिति सदस्यों का शाला के वरिष्ठ व्याख्याता अरुण पांडे, संतोष तिवारी एवं शिक्षक विकास कायरवार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। यह जानकारी प्राचार्य अजीत कुमार कुजूर ने दी।

# गिरधौना के ग्रामीणों को दी गई कार्यों की जानकारी

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत गिरधौना की ग्राम सभा में आवास 2 के संबंध में चर्चा की गई। ग्राम सभा में सिस्टम द्वारा तैयार की गई स्थाई प्रतीक्षा सूची का वाचन उपस्थित लोगों के बीच किया गया तथा उसका अवलोकन कराया गया और फिर अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही पंचायत में चल रही अन्य कार्यों की जानकारी दी गई और उसका भी सत्यापन कराया गया। ग्राम पंचायत गिरधौना में आवास सत्यापन सूची में ओबीसी वर्ग में 494 हितग्राही एसटी में 93 एवं एससी में 4 कुल 591 लोगों का नाम शामिल है। ग्राम सभा में सरपंच ओंकार सिंगरौल, सचिव कृष्ण कुमार कौशिक, शिक्षक प्रमोद कुमार कौशिक मिडिल स्कूल, प्रमोद कुमार सिंगरौल, अन्नपूर्णा कौशिक, उपसरपंच हरि राम सिंगरौल, उत्तरा ध्रुव, ईश्वर रजक, अजय साहू, वीरेंद्र सिंगरौल, मोरध्वज सिरसो, योगेश कौशिक, तिजराम यादव, जितेंद्र सिंगरौल, डीगेश्वर कौशिक, निलीमा सिंगरौल रोजगार सहायक, समुंद दास कोटवार सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।







# पप्पू बने साहू संघ के जिला अध्यक्ष

**लगरा।** जिला साहू संघ का चुनाव बुधवार को खमतराई स्थित भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन में हुआ।

इस अवसर पर पर्यवेक्षक प्रदेश पदाधिकारी डॉ सुनील साहू, बीना साहू, भीखम साहू, चुनाव अधिकारी आदित्य, साहू श्याम सुंदर साहू, राजू साहू की उपस्थिति साहू संघ के नियमानुसार चुनाव हुए। अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था। संघ के अध्यक्ष पद के लिए पप्पू साहू को सर्वसम्मति से चुना गया। उपाध्यक्ष दो पद के लिए (पुरुष) जतिराम साहू (महिला) गौरी साहू, संगठन सचिव दो पद के लिए (पुरुष) हरीश साहू, (महिला) नंदनी पवन साहू को निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पप्पू साहू ने जिला संगठन का विस्तार करते हुए महामंत्री पद के लिए दौलत साहू, रामनारायण साहू, कोषाध्यक्ष के लिए उषा साहू और महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के लिए शारदा साहू को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डा. तिलक राम साहू, काशीराम साहू, यदुरम साहू, राजेंद्र साहू डब्बू, जीतू साहू, विष्णु साहू, बच्चा साहू, सुरेश साहू, प्रमोद साहू, अनिल साहू, कुलदीप साहू सहित जिले भर के समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# लोरमी विखं में बन रहा मुंगेली के नाम पर स्वीकृत आवास

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में जिले से एक ऐसा अनोखा और रोचक मामला सामने आया है जिसने विभागीय तकनीकी सुरक्षा और दावों की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। मुंगेली विकासखंड के नाम पर स्वीकृत एक आवास अधिकारियों की नाक के नीचे लोरमी विकासखंड में आकार ले रहा है। इस पूरे खेल में दो किस्तों की राशि भी आहरित की जा चुकी है।

जानकारी के अनुसार मुंगेली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरकोना में हितग्राही विमला कश्यप पति लेखराम के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। कायदे से इस मकान का निर्माण सेमरकोना में ही होना था। लेकिन, हितग्राही के परिजनों और क्षेत्र के आवास मित्र ने मिलकर एक ऐसा ताना-बाना बुना कि नियमों को ही बदल कर रख दिया। मुंगेली विकासखंड के इस स्वीकृत आवास को दूसरे विकासखंड यानी लोरमी के ग्राम बेलसरी में धड़ल्ले से बनवाया जा रहा है। । पीएम आवास योजना के तहत हर चरण पर आवास मित्र द्वारा मौके पर जाकर जियो-टैगिंग की जाती है। जियो-टैगिंग में अक्षांश और देशांतर के जरिए लोकेशन लॉक होती है। ऐसे में सॉफ्टवेयर को कैसे धोखा दिया गया? इसके बावजूद हितग्राही के खाते में दो किस्तों की राशि भी ट्रांसफर कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां एक तरफ गरीब और पात्र लोग एक अदद पक्के मकान के लिए जनपद पंचायत के चक्कर काटते रहते हैं, वहीं दूसरी तरफ सांठगांठ के दम पर विकासखंड ही बदल दिया जा रहा है। इस संदर्भ में आवास शाखा से संपर्क करने पर सुनील जायसवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, हितग्राहियों से पैसा जमा करने का आदेश दिया गया है आवास मित्र के त्रुटि होने पर कार्रवाई की जाएगी।

---

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली, छ.ग.**

रामसिंह सोनवानी.....वादी विरूद्ध
आम जनता वगैरह....प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र.-71 अ/2026
पेशी दिनांक-22.07.2026
प्रो.क्रमांक-400/26

**ईश्तहार**

वादी रामसिंह सोनवानी पिता ज्ञानचंद सोनवानी के द्वारा नाम की उद्घोषणा किये जाने बावत माननीय न्यायालय के समक्ष वादपत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक-22.07.2026 को नियत है, जिस हेतु किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो उपरोक्त नियत पेशी दिनांक-22.07.2026 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें, अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक-22.07.2026 को अवकाश घोषित हो जाता या कार्य स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की कार्यवाही अगले दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक-22/06/26 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा जारी किया गया है।
दिनांक- 22/06/26

(कु. नारायणी कच्छप)
व्यव.न्या.क.श्रेणी के प्र.अ.न्या. मुंगेली, जिला- मुंगेली, छ.ग.

---

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला मुंगेली, छ.ग.**

जोध्या ................वादी
प्रति
श्रीमती बिंदा बाई वगैरह ...प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र.-154अ/2025
पेशी दिनांक- 05/08/26
प्रो.क्रमांक- 401/26

**ईश्तहार**

वादी जोध्या जोशी के द्वारा घोषणा एवं कब्जा हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष वादपत्र प्रस्तुत किया है, जिसके संबंध में प्रतिवादी क्रमांक 1 श्रीमती बिंदा बाई उम्र 62 वर्ष पति जोध्या जाति सतनामी निवासी ग्राम विचारपुर, तहसील व जिला- मुंगेली, तथा प्रतिवादी क्रमांक 2 प्रेमकुमारी उम्र 40 वर्ष पति लाला सतनामी निवासी ग्राम मैनपुरा, पण्डरिया, तहसील पण्डरिया, जिला- कबीरधाम, छ.ग. एवं प्रतिवादी क्रमांक 4 श्रीमती सरिता उम्र 35 वर्ष पति शिवकुमार जाति सतनामी, निवासी ग्राम टिकरी ग्राम पंचायत मटसगरा, थाना तहसील तखतपुर, जिला- बिलासपुर, छ.ग. हेतु पेपर प्रकाशन कराया जाना है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 05/08/26 को नियत है, जिस हेतु किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति हो तो उपरोक्त नियत पेशी दिनांक 05/08/26 को उपस्थित स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें, अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक-05/08/26 को अवकाश घोषित हो जाता या कार्य स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की कार्यवाही अगले दिवस को की जावेगी।
अतः आज दिनांक- 22/06/26 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा जारी किया गया है।
दिनांक- 22/06/26

(कु. नारायणी कच्छप)
व्यव.न्या.क. श्रेणी के प्र.अ.न्या. मुंगेली, जिला- मुंगेली, छ.ग.

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक....../क/ सीमांकन/रा.नि./2026
दिनांक 24/06/2026

आवेदक -सोनल शाह आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1.प्रकाश सोनी, दीपक अग्रवाल 2. भुलऊ प्रसाद कौशिक 3. कमल वर्मा 4. रामा वर्ल्ड की भूमि 5. समीपी भूमि स्वामी।
विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:-न्यायालय तहसीलदार/ना.तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र.../तह./ना. तह./वा./2026 बिलासपुर दिनांक 15/05/2026

ग्राम परसदा प.ह.नं.49,रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं.15/8 रकबा 0.1510 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका सोनल शाह पि./प. सौरभ शाह वगै. निवासी बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 1/07/2026 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीप- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक - सिरगिट्टी
तहसील व जिला-बिलासपुर

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा असामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी संजय पिता मनराखन वगै. निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा डगनिया प.ह.नं. 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 70/1, 179/1 कुल खसरा नं. 02 रकबा क्रमशः 0.2390 हे, 0.4050 हे. कुल रकबा 0.644 हे. भूमि दर्ज है जिसे मेरे असामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को ब्याना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि का रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही की जावेगा। सो सूचना जाने

भवदीय
संदीप कुमार मिश्रा (अधिवक्ता/नोटरी)
उप पंजीयन कार्यालय के सामने मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9981677602

---

**न्यायालय तहसीलदार कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-ब-121/2014-15
ग्राम कोसकटट्टी

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं हितबद्ध पक्षकार ग्राम प.ह.नं...... रा.नि.मं. करगीकला तहसील कोटा जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार पटेल पिता श्री स्व. छेदीलाल पटेल निवासी कोसकटट्टी द्वारा अपने पिता स्व. छेदीलाल पटेल की जन्म/मृत्यु दिनांक 06.03.2000 का ग्राम कोसकटट्टी में होने का प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 30.06.26 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा।

आज दिनांक 12.06.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार
कोटा

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /1127/ वाचक-1/ नजूल/ 2026
कोटा, दिनांक 10/06/26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम कोटा प.ह.न. 33 रा.नि.मं. व तहसील कोटा जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि विश्वजीत चक्रधारी पिता बाबूलाल चक्रधारी निवासी ग्राम पुरनी बस्ती कोटा, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर, छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते फौती नामांतरण का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार आवेदक के पिताजी बाबूलाल आ. परदेशी कुम्हार के नाम पर स्थित नजूल भूमि है। जिसका शीट नं. 31 प्लाट नं. 393 क्षेत्रफल 425 है। जो कि आवेदक के पिता बाबूलाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के पिता बाबूलाल का मृत्यु दिनांक 05.02.2020 को हो चुकी है। जो सुनवाई हेतु दिनांक .....को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 25/06/26 को न्यायालयीन समय 10.30 बजे उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/06/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं नजूल अधिकारी कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / अति.तह. / वा. /2026
बिलासपुर, दिनांक 22/06/2026

ग्राम बिरकोना के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वरूण सामनानी पिता श्री सतीश सामनानी जाति सिंधी निवासी सिंधी कॉलोनी, जरहाभाठा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा मौजा बिरकोना म.नं. 2, प.ह.नं. 47 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित ख.नं. 277/3 रकबा 0.1048 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त ख.न. 277/3 रकबा 0.1048 हे. में से 1200 वर्गफुट भूमि को छोड़कर शेष बचत भूमि को रास्ता के लिए कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने हेतु बी-1, पी-2, आधार कार्ड, की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 01/07/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 22/06/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा असामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी देवेन्द्र कुमार बंजारे पिता स्व. कलीराम बंजारे निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा डगनिया प.ह.नं. 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 174/2, 291/1, 295/1, कुल खसरा नं. 03 रकबा क्रमश: 0.0690 हे. 0.1540 हे., 0.2020 हे., कुल रकबा 0.4250 हैं. भूमि दर्ज है जिसे मेरे असामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को ब्याना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि का रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही की जावेगा। सो सूचना जाने

भवदीय
संदीप कुमार मिश्रा (अधिवक्ता/नोटरी)
उप पंजीयन कार्यालय के सामने मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9981677602

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा असामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी कमल लाल पाटले पिता गेदराम पाटले वगै. निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा डगनिया प.ह.नं. 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 44/4, रकबा 1.51 एकड़, 0.6080 हे. भूमि दर्ज है जिसे मेरे असामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को ब्याना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि का रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही की जावेगा। सो सूचना जाने

भवदीय
संदीप कुमार मिश्रा (अधिवक्ता/नोटरी)
उप पंजीयन कार्यालय के सामने मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9981677602

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा असामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी प्रदीप दास पिता राजेन्द्र दास वगै. निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा डगनिया प.ह.नं. 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 34/1, 32/2, 34/3 कुल खसरा नं. 03 रकबा क्रमश: 0.1170, हे, 0.2020 हे., 0.2020 हे. कुल रकबा 0.521 हे. भूमि दर्ज है जिसे मेरे असामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को ब्याना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि का रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही की जावेगा। सो सूचना जाने

भवदीय
संदीप कुमार मिश्रा (अधिवक्ता/नोटरी)
उप पंजीयन कार्यालय के सामने मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9981677602

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा असामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी वंदना सुमन पति स्व. सत्यवाहन सुमन वगै. निवासी ग्राम किरारी पो. मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा डगनिया प.ह.नं. 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 212/3, 212/4 कुल खसरा नं. 02 रकबा क्रमश: 0.4050 हे, 0.3640 हे. कुल रकबा 0.7690 हे. भूमि दर्ज है जिसे मेरे असामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को ब्याना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि का रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही की जावेगा। सो सूचना जाने

भवदीय
संदीप कुमार मिश्रा (अधिवक्ता/नोटरी)
उप पंजीयन कार्यालय के सामने मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9981677602

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

बिलासपुर, गुरुवार 25 जून 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



जागरूकता

## स्वच्छता पखवाड़ा एसईसीएल मुख्यालय में स्वच्छता अभियान



**बिलासपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत 24 जून को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) रमेश चन्द्र महापात्र सहित विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नारी शक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ कार्यस्थल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि 16 जून से 30 जून तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एसईसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में विविध जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

वेकैंसी

## सीआईएसएफ में एएसआई पैरामेडिकल पदों पर भर्ती शुरू, 7 तक आवेदन

**बिलासपुर।** सीआईएसएफ में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर पैरामेडिकल के रिक्त पदों पर भर्ती का एलान किया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 8 जून से स्टार्ट की जाएगी। अभ्यर्थी एप्लीकेशन प्रॉसेस शुरू होने के बाद आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे। आवेदन करने की लास्ट डेट 7 जुलाई 2026 निर्धारित है। एएसआई पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का फार्मेसी में डिप्लोमा या डिग्री होल्डर होना अनिवार्य है। एएसआई पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास रेडियोग्राफी में दो वर्षीय डिप्लोमा होना चाहिए। एएसआई (लैब तकनीशियन) पद के लिए मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (एमएलटी) में दो वर्षीय डिप्लोमा आवश्यक है।




### एप्लीकेशन प्रॉसेस

इस भर्ती में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से ही भरा जा सकता है। ऑफलाइन या अन्य किसी प्रकार से एप्लीकेशन फॉर्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन के साथ अनरिजर्व, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को 100 रुपये फीस जमा करनी होगी। एससी, एसटी, फीमेल एवं एक्स सर्विसमैन इस भर्ती में शामिल होने के लिए निशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

कार्यक्रम

## संगीत प्रतियोगिता नाद मंजरी में देश भर के कलाकार देंगे प्रस्तुति

**बिलासपुर।** कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर की संगीत प्रतियोगिता नाद मंजरी सीजन-3 का चार दिवसीय आयोजन 26 से 29 जून तक किया जाएगा। इसमें देश भर से आए 5 सौ से अधिक कलाकार विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मंच को



सुर, ताल और लय के अद्भुत रंगों से सराबोर करेंगे। इस वर्ष प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत, लोकगीत, वाद्य यंत्र वादन, नृत्य एवं अन्य कला विधाओं के प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, थावे विद्यापीठ के कुलपति विनय कुमार पाठक, न्यायमूर्ति डॉ चंद्रभूषण बाजपेयी, जेपी वर्मा कालेज के प्राचार्य श्याम लाल निराला, समाज सेवी प्रवीण झा, पूर्व बीडीए अध्यक्ष टाह, प्रभारी कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एसएसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, समाज सेवी शैलेंद्र कुशवाहा, शिवसेना की महिला अध्यक्ष रेवती यादव सहित अन्य विशिष्टजन अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने आयोजक एनएचआईसीएफ टीम के पंकज, मयूरी खण्डेलवाल, सुरेंद्र वर्मा, दीपक, तरुण मिश्रा, शगुफ्ता परवीन सहित दर्जनभर से अधिक वालंटियर एवं कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

आयोजन

## नियमित व्यायाम से बीमारियां हो रही ठीक, मंगला में योग पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** दीनदयाल कालोनी मंगला स्थित सामुदायिक भवन में योग प्रशिक्षिका लिली ठाकुर द्वारा निरंतर योग कराया जा रहा है। इसी क्रम में योग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बताया





गया कि आज कई लोगों को योग से काफी लाभ मिल रहा है। योग प्रशिक्षिका ने बताया कि कई लोगों को नियमित योग से बीमारियों से छूटकारा मिली है। इस दौरान कुछ लोगों ने योग को लेकर अपनी बात साझा की और बताया कि वे लोग नियमित योग अपना कर अपनी बड़ी बीमारियों को ठीक किया है और आज खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। दीनदयाल कालोनी मंगला की रेणु अग्रवाल 60 वर्ष हाई बीपी व घुटनों के दर्द से परेशान थी। इससे उसे नीचे व उकड़ू बैठने में बहुत दिक्कत हो रही थी। डाक्टरों से चेकअप करा दवाई लेना शुरू किया तो थोड़ी राहत मिली पर दवाई बंद नहीं हुई। फिर उसने योग करने का फैसला लिया और योग क्लासेस में जाकर नियमित रूप से योग करना शुरू की। इसके अलावा शाम को घर में कुछ आसन व कपालभाती करती हैं। इससे उसे काफी लाभ हुआ। चेक कराने पर बीपी की रिपोर्ट नार्मल आई। घुटनों के दर्द से भी राहत मिली है। अभी 6 माह से उनकी हाई बीपी की दवाई बंद है।

# रंग, राग और संस्कृति से सजी बंगाली परंपरा





बंगाली महिला संगठन ने आयोजित की रवीन्द्र नज़रुल संध्या

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंगाली महिला संगठन ने सीएमडी चौक स्थित आईएमए हॉल में भव्य वार्षिक सांस्कृतिक समारोह एवं रवीन्द्र नज़रुल संध्या का आयोजन किया। इसमें समाज के बच्चों महिलाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बंगाली साहित्य, संगीत और संस्कृति की समृद्ध परंपरा को जीवंत किया एवं दर्शकों के मन पर अमिट छाप छोड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम के आरंभ में बंगाली महिला संगठन की अध्यक्ष नमिता घोष ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थित दर्शकों का स्वागत करते हुए बंगाली संस्कृति, साहित्य और संगीत की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ भारती भट्टाचार्य, मनीबेंद्र नाथ चटर्जी, बी.सी. गोलदार, सुब्रत बनर्जी एवं डॉ गोपाल चंद्र मुखर्जी ने विश्व कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर एवं विद्रोही कवि काज़ी नज़रुल इस्लाम की प्रतिकृतियों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। अतिथि वरण समारोह में मनीबेंद्र नाथ चटर्जी, बी.सी. गोलदार, सुब्रत बनर्जी, डॉ. गोपाल चंद्र मुखर्जी, अजय कुमार गांगुली, पल्लव धर ने मुख्य अतिथि डॉ भारती भट्टाचार्य, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, चंदन गांगुली, अभिजीत मित्रा, तमाल चटर्जी, प्रबाल मुखर्जी, महुआ नंदी, रूना दास एवं मौसमी चक्रवर्ती को स्मृति-चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन नमिता घोष, सुमिता दास गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन अनीता गोलदार ने किया।



**इनका रहा सहयोग :** कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन की अध्यक्षा नमिता घोष, सह अध्यक्षा लीना बनर्जी, सचिव अनीता गोलदार, शम्पा दत्ता, शिउली घोष, श्यामा सरकार, लीना बनर्जी, शम्पा दत्ता, श्यामा सरकार, शिउली घोष, सुमिता दासगुप्ता, काकोली चौधरी, वंदना राय, स्मिता मैत्रा, प्रतिमा पाल, सीमा सेनगुप्ता, जया बोस, मौसमी मैत्रा, रूपा राहा, रीता राय, श्रीलेखा, दीपिका विश्वास एवं रिंकू मुखर्जी का सहयोग रहा।

### गीत-संगीत की दी गई प्रस्तुति

कार्यक्रम में आरंभ में उद्घाटन संगीत प्रस्तुत किया गया। जिसमें मौसमी, अनीता गोलदार, चंद्रिका, रेखा, स्वस्तिका, रूपा, श्यामा सरकार ने अपनी प्रस्तुति से वातावरण को सुरमय बना दिया। तबले पर संगति चंद्रिमा ने दी। बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। श्रीशा एवं आद्रिका की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। आयुषि पालित एवं आशिमा पाल के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। आयुष प्रमाणिक द्वारा काज़ी नज़रुल इस्लाम की कविता पाठ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वंदना, प्रतिमा, शम्पा, शुभ्रा एवं सीमा द्वारा प्रस्तुत आगुनेर परशमणि ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रीता राय के गीत तथा प्रिथा सरकार के नृत्य को भी सराहना मिली। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रवीन्द्र सृष्टि में नारी रहा। इसका निर्देशन रूना दास ने किया। इस प्रस्तुति में रुद्राक्षी दास, प्रिथा सरकार, गीतांजलि जायसवाल, तनिष्का साहा, हंशिका प्रमाणिक, श्रीपर्णा मंडल, धारणा सी एवं सृजा सी ने उत्कृष्ट अभिनय एवं नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लीना बनर्जी, पूजा पालित, पूजा दास, अनुष्का एवं श्रीलेखा द्वारा प्रस्तुत भानुसिंहेर पदावली भी सराही गई। लीना बनर्जी ने श्रीकृष्ण के वेश में अद्भुत प्रस्तुति दी। निर्देशन रूना दास एवं महुआ नंदी का रहा।

## भीमसेनी एकादशी आज, श्याम मंदिरों में विशेष पूजा, श्रृंगार

### निशान यात्रा निकाल कर गाए जाएंगे भजन



**बिलासपुर।** शहर के सभी श्याम मंदिरों में भीमसेनी एकादशी पर 25 जून गुरुवार को विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी भी पूरी कर ली गई है। माना जाता है कि इस एकादशी का व्रत रखने से साल के सभी एकादशी का पुण्य मिल जाता है। यही कारण है कि इस एकादशी का काफी महत्व है।

निर्जला एकादशी पर जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर द्वारा घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में श्याम एकादशी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रातः साढ़े 8 बजे से श्री राम मंदिर तिलक नगर से निशान यात्रा निकाली जाएगी। शाम को सवा 7 बजे से भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें आमंत्रित भजन प्रवाहक एवं भक्त मिलकर प्रभु का गुणगान करेंगे। विशेष श्रृंगार, महाआरती होगी।

वहीं मसानगंज स्थित श्री खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी भीमसेनी एकादशी पर भगवान श्याम का विशेष पूजा कर श्रृंगार किया जाएगा। निशान यात्रा निकाल कर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोनों मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की अपार भीड़ उमड़ेगी।

## सुमुख गणेश मंदिर रेलवे में अन्नदान 28 को

### होगा अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना, आरती



**बिलासपुर।** रेलवे स्थित श्री सुमुख गणेश मंदिर में 28 जून रविवार को अन्नदान का कार्यक्रम रखा गया है। इस दिन सुबह साढ़े 7 से 8 बजे तक अभिषेक, 8 से साढ़े 8 बजे तक अलंकार, साढ़े 8 से 9 बजे तक सहस्त्रनाम अर्चना, 9 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण, सुबह साढ़े 10 से 12 बजे तक मंदिर के पंडितों और भक्तजन श्री विष्णु सहस्त्रनाम एवं श्री ललिता सहस्त्रनाम का पाठ करेंगे।

इसके बाद भोग, आरती होगी। भोजन प्रसाद का वितरण दोपहर 3 तक होगी। ज्ञात हो कि जनवरी माह में जब अन्नदान प्रारंभ की गई थी तो भक्तों की संख्या बहुत सीमित थी। अब अन्नदान में लोगों की उपस्थिति निरंतर बढ़ती जा रही है। श्री सुमुख गणेश में सभी धार्मिक आयोजन वैदिक रीति से संपन्न किया जाता है।

## गायत्री जयंती पर सामूहिक अखंड जप, पाठ

**बिलासपुर।** गायत्री जयंती पर गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सूर्योदय से सूर्यास्त तक सामूहिक अखंड जप एवं दोपहर 12 से 1 बजे तक सामूहिक गायत्री चालीसा का पाठ किया गया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के निर्देशानुसार गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, चरणपीठ एवं मंडलों द्वारा गंगा दशहरा गायत्री जयंती के पर्व एवं युगदृष्टा, वेदमूर्ति पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस पर विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें



प्रथम दिवस मंगलवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक सामूहिक अखंड जप एवं दोपहर 12 से 1 बजे तक सामूहिक गायत्री चालीसा का पाठ किया गया। द्वितीय दिवस बुधवार को गंगा दशहरा, नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ कर मां गंगा, ज्ञान व प्रकाश की देवी देवमाता, सभी वेदों की जननी वेदमाता, आदिशक्ति विश्वमाता एवं आचार्यश्री का पूजन-आवाहन के साथ विशेष मंत्रों से आहुतियां समर्पित की गई। इस दौरान यज्ञोपवीत व सामूहिक विद्यारंभ संस्कार भी कराया गया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य एवं जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार ने अपने संदेश में कहा कि गायत्री मंत्र ही गुरुमंत्र है।

गायत्री मंत्र केवल उच्चारण का विषय नहीं, बल्कि चेतना जागरण, आत्म परिष्कार और युग निर्माण का आधार है। यही दिव्य शक्ति व्यक्ति, समाज और समूची मानवता को नवदिशा प्रदान करने की सामर्थ्य रखती है, इसलिए इसमें अधिक से अधिक बहनों की भी भागीदारी होनी चाहिए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी द्वारिका पटेल ने दी।



**इनका रहा सहयोग**

कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमराज वैश्य, सविता तिवारी, रामगोपाल कश्यप, जागेश्वरी, बृजेश साहू, रामकुमार श्रीवास, नंदिनी, जे.एल. पाटनवार, आशा सुल्तानिया, द्वारिका पटेल, गणेश श्रीवास, वेदराम सिन्हा, उर्मिला विश्वकर्मा, प्रभा-रमेश श्रीवास, उधोराम प्रजापति, लक्ष्मी पटेल, रंजीत गढ़ेवाल, रूमी दुबे का सहयोग रहा।

कार्नर न्यूज

## मानसिक शक्ति से बढ़ती है कार्यक्षमता

**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ के सुरक्षा सेवा प्रभाग के तत्वावधान में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान स्व-सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण के अंतर्गत रेलवे जीएम भवन में भंडार विभाग के अधिकारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें बीके कमल भाई ने कहा कि मानसिक सशक्तिकरण से कार्यक्षमता बढ़ती है।

सत्र के दौरान बीके कमल भाई ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य जितना आवश्यक है, उतना ही महत्वपूर्ण मानसिक रूप से सशक्त और संतुलित रहना भी है। एक मजबूत मन ही विपरीत परिस्थितियों में सही निर्णय लेने, तनाव पर विजय पाने तथा उत्कृष्ट कार्यक्षमता बनाए रखने की शक्ति देता है। वर्तमान समय में लगभग 70 से 80 प्रतिशत बीमारियां मनोदैहिक होती है। इसका जड़



मानसिक तनाव, चिंता और नकारात्मक सोच है। बीके शैलेन्द्र ने 'राम और श्याम' की प्रेरक कहानी के माध्यम से समझाया कि ओवर थिंकिंग व्यक्ति की मानसिक ऊर्जा को समाप्त कर संबंधों और कार्यक्षमता दोनों को प्रभावित करती है। कार्यक्रम में विचारों की शक्ति को समझाने के लिए विजुअलाइजेशन तथा सकारात्मक संकल्पों के प्रयोग कराए गए। तनावमुक्त और एकाग्र जीवन के लिए प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन तथा हर घंटे एक मिनट 'पॉज़' तकनीक अपनाने का अभ्यास कराया गया। साथ ही बताया गया कि यह सरल अभ्यास मन की गति को नियंत्रित कर मानसिक ऊर्जा का संरक्षण करता है। निर्णय क्षमता बढ़ाता है। विपरीत परिस्थितियों में भी व्यक्ति को शांत एवं स्थिर बनाए रखता है। इस अवसर पर प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एके मेश्राम, सीनियर डीएमएम ओमप्रकाश सिंह, सीएमएम एके सोनी, सौरभ चंद्र, श्री पार्थ, मंजू दीदी, संजीव भाई, संदीप भाई सहित भंडार विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जगदंबा सरस्वती का मनाया पुण्य स्मृति दिवस

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका जगदंबा सरस्वती मातेश्वरी जगदम्बा के 61वें पुण्य स्मृति दिवस को आध्यात्मिक उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमार भाई-बहनों ने मातेश्वरी के आदर्श जीवन को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा केवल एक महान आध्यात्मिक विभूति ही नहीं थीं, बल्कि वे करोड़ों आत्माओं के लिए स्नेह, करुणा और मातृत्व की जीवंत प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपने अल्प जीवन काल में ईश्वरीय ज्ञान को सहज, सरल और प्रभावशाली रूप में जन-जन तक पहुंचाने का महान कार्य किया। उनकी वाणी में ऐसी मधुरता और सत्यता थी



कि जो भी उनके संपर्क में आता, वह आत्मिक शांति और दिव्य अनुभूति का अनुभव करता था। मातेश्वरी का संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था के प्रारंभिक दिनों में अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए संगठन को मजबूत आधार प्रदान किया। उनकी गहन आध्यात्मिक अनुभूतियों और ईश्वरीय प्रेम ने हजारों आत्माओं को जीवन का सही मार्ग दिखाया। आज भी उनके द्वारा दिए गए संदेश और शिक्षाएं मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मातेश्वरी ने अपने जीवन में सदैव आत्मिक स्थिति को श्रेष्ठ बनाए रखने, सभी के प्रति शुभभावना रखने तथा ईश्वरीय सेवा में निरंतर तत्पर रहने का संदेश दिया। अंत में सभी ब्रह्माकुमार भाई-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने मातेश्वरी जगदम्बा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात ईश्वरीय भोग स्वीकार कराया गया। सभी उपस्थित जनों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। सभी ने मातेश्वरी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### नागरिक सुरक्षा मंच का धरना आज

**बिलासपुर।** बहुप्रतिक्षित पृथक अरपापार नगर निगम की माँग को लेकर गुरुवार 25 जून को सीपत चौक पर नागरिक सुरक्षा मंच एवं अरपापार के विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित नागरिकों ने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मंच के संयोजक अमित तिवारी ने बताया कि पिछले तीस वर्षों से इस माँग को लेकर संघर्ष किया जा रहा है पर सरकार एवम स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उपेक्षा के चलते नए नगर के तौर पर विकसित हो रहे इस क्षेत्र की मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है। जिसका कड़ा विरोध अरपापार के नागरिकों द्वारा किया जाएगा। स्थानीय विधायक द्वारा 2023 के विधानसभा के चुनाव में अपने चुनावी घोषणा पत्र में अरपापार को पृथक नगर निगम का दर्जा दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी परंतु तीन साल का समय बीत जाने के बाद भी विधायक एवम् पूर्व मंत्री ने अपनी इस घोषणा को भुला दिया है। उनकी घोषणा को याद दिलाने के लिए नागरिकों को जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा आंदोलन चलाया जाएगा।

### जालंधर छावनी तक चलेगी जम्मूतवी एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के मुकेरियां व तलवारा सेक्शन में नंगल डैम एवं तलवारा के मध्य नई ब्रॉड गेज लाइन जोड़ने एवं साइडिंग के अधिग्रहण से संबंधित अधोसंरचना कार्य किए जाएंगे। इसके कारण 30 जून को दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस जालंधर छावनी स्टेशन में समाप्त होगी। इसी तरह 2 जुलाई को शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली 12550 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस जालंधर छावनी स्टेशन से दुर्ग के लिए रवाना की जाएगी।

### आवारा कुत्तों के हमले से चीतल घायल

**बिलासपुर।** आवारा कुत्तों के हमले से चीतल घायल हो गया, जिसकी सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी और रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल चीतल का रेस्क्यू सेंटर ले जाकर उपचार शुरु कर दिया है। विभाग के अनुसार जीपीएम के अमरपुर स्थित पुलिस लाइन परिसर में बुधवार को एक नर चीतल पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। चीतल पानी की तलाश में जंगल से भटककर आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया था, जहां चीतल को कुत्तों ने घेर लिया था। कुत्तों के हमले से घबराया चीतल भागने लगा, लेकिन झुंड ने उसे घेरकर घायल कर दिया। मैदान में खेलकूद कर रहे पुलिस के जवानों ने चीतल को देखा और तत्काल मौके पर पहुंचकर कुत्तों को खदेड़कर चीतल को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी और बचाव दल मौके पर पहुंचा। टीम ने घायल चीतल का प्राथमिक उपचार करने के बाद पशु चिकित्सालय भेजा गया। चिकित्सकों ने बताया कि चीतल के शरीर पर कुत्तों के काटने के कई निशान थे, जिसे बेहतर उपचार और विशेष निगरानी के लिए कानन पेण्डारी जू भेजा गया है। चीतल का उपचार और उसके स्वस्थ होने के बाद प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा।

### राजमिस्त्री ने फांसी लगाई

**बिलासपुर।** राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर एकता कालोनी निवासी राजमिस्त्री प्रेम दीपक साहू पिता संजू साहू 29 साल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

### सूने मकान से जेवर नकद चोरी

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, अन्नपूर्णाकालोनी निवासी राजेश बघेल 5 जून को घर के दरवाजा में ताला लगाकर कोटा करगीरोड चले गए थे। 22 जून को घर लौटे तो घर से सोने की चांदी के जेवर व 2 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**एयर एम्बुलेंस कंपनी दोषी** — उपभोक्ता फोरम ने कंपनी को 45 दिन के भीतर 7.50 लाख रुपए लौटाने का दिया आदेश

# 7.50 लाख रुपए लेने के बाद भी मरीज को नहीं पहुंचाया दिल्ली, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एयर एंबुलेंस कंपनी ने गंभीर मरीज को बिलासपुर से दिल्ली शिफ्ट करने 7.50 लाख रुपए लिया, इसके बावजूद एयर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराया। जिला उपभोक्ता फोरम ने मरीज की मौत होने के परिवाद में सेवा में कमी पाए जाने पर एयर रेस्कुयर्स वर्ल्ड वाईड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर 25 हजार रुपए जुर्माना करते हुए अग्रिम राशि 7.50 लाख रुपए 9 प्रतिशत ब्याज सहित 45 दिवस के अंदर लौटाने का आदेश दिया है।

सरकण्डा नूतन चौक रामकृष्ण एन्क्लेव निवासी कृतिका अग्रवाल 34 साल के मामा बसंत चरण अग्रवाल कैंसर से पीड़ित थे। अपोलो हास्पिटल में इलाज के दौरान उनकी हालत खराब होने पर डाक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें दिल्ली मैक्स हास्पिटल ले जाने की सलाह दी। इस पर कृतिका अग्रवाल ने उन्हें दिल्ली शिफ्ट करने एयर रेस्कुयर्स वर्ल्ड वाईड प्राइवेट लिमिटेड का कोटेशन भरा एवं 12 जुलाई 2025 को एयर एम्बुलेस की मांग की। कंपनी की ओर से आईसीयूयुक्त पैरा मेडिकल स्टाफ के सथ एयर एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की बात कही गई। 12 जुलाई को एयर एम्बुलेंस चकरभाठा एयरपोर्ट आई। एयर एम्बुलेंस में कोई योग्य डाक्टर व अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरण नहीं था। 12 जुलाई के तीन बजे उड़ान भरना था, किन्तु चालक ने



दिल्ली में मौसम खराब होने की बात कहते हुए 13 जुलाई की सुबह 10 बजे उड़ान भरने की बात कही। इसके बाद 13 जुलाई को मरीज को एम्बुलेंस में शिफ्ट किया गया। इसमें एक कंपाउडर था, जिसे गंभीर मरीज को संभालने का कोई अनुभव नहीं था। इसके बाद 11 बजे उड़ान भरने के बजाय दोपहर 3 बजे उड़ान भरी गई। एम्बुलेंस के दिल्ली पहुंचने से पहले मरीज की मौत हो गई। शव को दिल्ली से बिलासपुर परिवहन करने अनुरोध किया गया, किन्तु कंपनी ने आवश्यक दस्तावेज लेने के बावजूद ऐसा नहीं किया। इस मामले को लेकर उन्होंने जिला उपभोक्ता फोरम में आवेदन प्रस्तुत कर अग्रिम राशि 7.50 लाख लौटाने, क्षतिपूर्ति व वाद व्यय दिलाने की मांग की। उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य पूर्णिमा सिंह, आलोक कुमार पाण्डेय ने सुनवाई में पाया कि आवेदक द्वारा सूचना के अधिकार के तहत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से 12 जुलाई को उड़ान की स्थित की जानकारी ली थी। जिसमें बताया गया था कि उक्त तिथि को सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक एयरक्राप्ट के आवागमन सामान्य रहा है। इसके अलावा 13 जुलाई को जो उड़ान विवरण पेश किया, उसमें पहले 10 बजे फिर समय बदलकर 11 बजे किया गया। इसके बाद 3 बजे एयर एम्बुलेंस ने यहां से उड़ान भरा एवं रांची होते हुए दिल्ली गई। इस विलंब के कारण मरीज को समय पर उपचार नहीं मिल सका। कंपनी ने सेवा में कमी की है। जिला उपभोक्ता फोरम ने कंपनी को 45 दिवस के भीतर जमा राशि 7.50 लाख रुपए सितंबर 2025 से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने, 25 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति व 5 हजार रुपए वाद व्यय पटाने का आदेश दिया है।

---





### तेजी से संवर रहा अरपा तट

**बिलासपुर।** इंदिरा सेतु के पास अरपा के दोनों तटों को संवारने का काम तेजी से चल रहा है। इंदिरा सेतु और अरपा के पुराने पुल के बीच गार्डन बनाने का काम हो रहा है, दूसरे कार्य भी किए जा रहे हैं। यहां की सड़क को भी संवारा गया है। आकर्षक लाइटिंग और सड़क लोगों को आकर्षित कर ही है। वहीं अरपा के दूसरे तट पर भी सड़क बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है। इस सड़क पर डामरीकरण के अलावा अन्य कार्य किए जा रहे हैं, सड़क बनने से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। इस सड़क के बनने से भी लोगों को सुविधा मिली है। सड़क का काम पूरा होने से सरकंडा इलाके में ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

---

भाजपा नेत्री की बहू है मृतका

# विवाहिता की हुई संदिग्ध मौत परिजन की शिकायत पर जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजपा नेता की बहू की घर में संदिग्ध मौत हो गई है। पति फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कह रहा है, वहीं मायके पक्ष से मृतका के भाई ने पुलिस से शिकायत कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद मधुबन रोड निवासी भाजपा नेता बंधु मौर्य के बड़े भाई के बेटे रविकांत मौर्य की पत्नी अदिति मौर्य 29 साल ने 23 जून को दोपहर 2 बजे कमरे में फांसी लगा ली थी। पति फंदा खोलकर उसे तत्काल इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया था। मेमो मिलने पर पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया था। पूछताछ में पति रविकांत ने पुलिस को पत्नी के द्वारा फांसी लगाने की सूचना दी गई। पुलिस ने उनके जाकर कमरे का मुआयना किया तो पंखे पर साड़ी बंधी हुई मिली थी। पुलिस ने कमरा सील कर दिया था। 24 जून को मृतका के घरवालों के आने के बाद पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

घरवालों ने मृतका के द्वारा फांसी लगाने की जानकारी दी है। कमरे के पंखे में साड़ी का फंदा लटका हुआ मिला है। मृतका के भाई महिला के पति व ससुरालवालों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

-देवेश सिंह राठौर
कोतवाली टीआई

#### एफएसएल टीम ने किया कमरे का निरीक्षण

24 जून एफएसएल की टीम कोतवाली पुलिस के साथ उनके मकान गई। सील खोलकर टीम के द्वारा कमरे का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किया गया है। इस दौरान ससुराल पक्ष व मायके पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर जमकर हंगामा मचाते रहे। पुलिस के समझाइश देने पर दोनों पक्ष शांत हुए।

#### भाई ने लगाया हत्या करने का आरोप

मृतका के भाई उत्तर प्रदेश सोनभद्र मधुपुर निवासी अखिलेश कुमार वर्मा ने कोतवाली थाने लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है। उनकी बहन की शादी 10 फरवरी 2019 को दयालबंद मधुबन रोड निवासी रविकांत मौर्य के साथ हुई थी। शादी के बाद उनकी बहन घरेलू हिंसा एवं प्रताड़ना की शिकार थी। उनकी बहन हमेशा कहती थी उसका पति एवं उसका परिवार उसे जान से मार देगा। 23 जून की दोपहर में पति व ससुराल वालों ने उसकी बहन के साथ मारपीट की। उसके उपरांत उसकी हत्या कर दी। साक्ष्य एवं हत्या को छिपाने के लिए शव को अस्पताल ले जाया गया और वहां डाक्टरों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर उन्होंने अपने जीजा रविकांत मौर्य को फोन किया तो उसने फोन नहीं उठाया। उन्होंने जीजा की मां को फोन किया तो उसने बताया कि दोनों अपने कमरे झगड़ा कर रहे थे। उसके बाद बहन का शव मिला है। उनकी बहन की हत्या करने में मुख्य आरोपी पति रविकांत, सास सुलेखा देवी, ससुर सुखदेव मौर्य, ननद नंदोई विनिता मौर्य 5 सिद्धार्थ मौर्य, प्रीति मौर्य - प्रवीण मौर्य शामिल है। भाई ने यह भी आरोप लगाया है उसके जीजा रविकांत मौर्य का दूसरी महिलाओं से भी संबंध है। उनकी बहन ने महिला चैट अपनी बहन को भेजा था।

---

# सिरगिट्टी क्षेत्र में पानी की बढ़ी समस्या

❑ टैंकर से पानी की सप्लाई ❑ धूप में टैंकर का करना पड़ रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के सिरगिट्टी क्षेत्र में तीन वार्ड आते हैं और तीनों वार्डों में पानी की समस्या बनी हुई है। निगम द्वारा इस क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है। लेकिन टैंकर से पानी लेने लोगों को धूप में इंतजार करना पड़ता है।

निगम के सिरगिट्टी क्षेत्र में हर साल गर्मी के दिनों में पानी समस्या उत्पन्न होता है और लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। पानी की परेशानी के चलते लोगों में नाराजगी भी है। खासकर गर्मी के दिनों में पानी की समस्या होती है, क्योंकि गर्मियों में पानी की खपत बढ़ जाती है। सिरगिट्टी क्षेत्र में तीन वार्ड आते हैं और तीनों वार्ड में गर्मी के दिनों में पानी संकट गहराने लगता है। लोगों को आसपास के लोगों के घरों से बाल्टी आदि बर्तनों में भरकर पानी लाना पड़ता है और जब निगम की ओर से टैंकर भेजकर पानी सप्लाई की जाती है तो टैंकर के पहुंचते ही वहां पर पानी के लिए बर्तनों की लाइन लग जाती है। लोग कड़ी धूप में टैंकर आने का इंतजार करते रहते हैं। सिरगिट्टी तालाब के पास, नायक मोहल्ला मुख्य मार्ग, नयापारा एवं बन्नाक चौक से श्रीवास मोहल्ला, माधव गली आदि जगहों पर पानी को लेकर ज्यादा दिक्कत है।






#### बोर में गिरा मोटर, पानी सप्लाई बंद

सिरगिट्टी के एक बोर में मोटर पंप गिरे करीब एक महिना होने जा रहा है और अभी तक मोटर पंप नहीं निकाला जा सका है। बोर में मोटर पंप गिरने से इस इलाके में पानी सप्लाई बाधित हो गई है और लोगों को पानी के लिए टैंकर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सिरगिट्टी संबंधित पूर्व जोन कमिश्नर से इसकी शिकायत की गई थी, किन्तु जोन कमिश्नर भी बदल गया और अभी तक बोर से मोटर पंप को निकाला नहीं गया है।

#### दिन में कई राउंड टैंकर सप्लाई

सिरगिट्टी क्षेत्र में निगम द्वारा टैंकर के जरिए पानी सप्लाई की जा रही है। एक दिन में कई राउंड पानी टैंकर आता है। बावजूद इसके भीषण गर्मी की वजह से पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। इलाके के कई हिस्से के घरों में पानी की दिक्कत है क्योंकि जल स्तर नीचे चला गया है जिससे उस जगहों के बोर काम नहीं कर रहे हैं। अब मोहल्लेवासियों द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर इस समस्या की शिकायत की गई है।

### नकली सोना थमा कर 3 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** नकली सोना थमा कर एक दुकानदार से 3 लाख रुपए की ठगी कर लिया गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सकरी पुलिस के अनुसार बंधवापारा निवासी अनिल विश्वकर्मा घर में किराना दुकान चलाते हैं। एक सप्ताह पूर्व दो लोग उनके पास दुकान में आए। चांदी का सिक्का दिखाकर बोले चलेगा। वह बोले नहीं चलेगा। दो दिन बाद दोनों उनके घर आए और उन्हें सोने का माला दिखाया और चेक कराने के लिए एक टुकड़ा दिया। उन्होंने सोनार से टुकड़े की जांच कराई तो वह सोना निकला। दोनों ने उन्हें माला की कीमत 10 लाख रुपए बताया। एक लाख रुपए देने पर वह माला देने को तैयार नहीं हुए। श्री विश्वकर्मा के द्वारा 3 लाख रुपए देने पर दोनों माला थमा कर चले गए। बाद में उन्होंने माला चेक कराया तो नकली निकला।

## लोन दिलाने के नाम पर लोगों को डेटा बेचने का खेल, तीन पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोन दिलाने के नाम पर लोगों का डेटा बेचने का खेल उजागर हुआ है। पुलिस ने ट्रस्ट फाइनेंशियल सर्विसेस की संचालिका सहित तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, ईदगाह चौक पुलिस लाइन निवासी रविकांत दुबे ने 22 जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई। अग्रसेन चौक स्थित सुपर मार्केट के ऊपर संचालित ट्रस्ट फाइनेंशियल सर्विसेस के कर्मचारी विभिन्न लोगों को फोन कर लोन दिलाने का झांसा देते हैं और इसके लिए लोगों के मोबाइल नम्बर अवैध तरीके से हासिल किया गया है। जांच में खुलासा हुआ ट्रस्ट फाइनेंशियल सर्विसेस की संचालिका उषा कश्यप पिछले एक साल से कार्यालय का संचालन कर रही हैं। वे लोगों को पर्सनल लोन, होम लोन, बिजनेस लोन, वाहन ऋण उपलब्ध कराने के नाम पर फोन करवाती थीं। पूछताछ में उषा कश्यप ने बताया कि उन्होंने एक लाख मोबाइल नम्बर का डेटा अमन



राठौर नामक युवक से पांच हजार रुपए में खरीदा था। अमन राठौर से खुलासा हुआ यह डेटा शेख जुनैद खान द्वारा उपलब्ध कराया गया था। यह भी सामने आया कि शेख जुनैद खान घर घर जाकर रियल एस्टेट का काम करने के नाम पर लोगों से संपर्क कर उनके मोबाइल नम्बर एकत्र करता था। इसके अलावा सरकारी विभागों और आनलाइन डायरेक्टरी से भी लोगों की जानकारी जुटाकर उसका डेटा तैयार किया जाता था, जिसे बाद में बेचा जाता था। पुलिस ने रविकांत दुबे की रिपोर्ट पर संचालिका उषा कश्यप, अमन राठौर, शेख जुनैद के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 62, 3, 5 आईटी एक्ट की धारा 72, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रिलिविंग गर्डर डी लांचिंग से ट्रेनों का परिचालन 28 तक प्रभावित

**बिलासपुर।** रायपुर मंडल के निपनिया से भाटापारा सेक्शन के बीच अंडरब्रिज में रिलिविंग गर्डर डी लांचिंग के कारण बिलासपुर और रायपुर के बीच ट्रेनों का परिचालन 28 जून तक रद्द किया जाएगा, दपूमरे बिलासपुर जोन के रायपुर मंडल अंतर्गत निपनिया से भाटापारा सेक्शन के बीच स्थित लेवल क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। अंडरब्रिज निर्माण के तहत रिलिविंग गर्डर के डी लांचिंग हेतु ट्रैफिक सह पावर ब्लाक लिया जा रहा है। पहला पावर ब्लाक 24 जून की रात 10 बजे से 25 जून को 2 बजे तक लिया जाएगा। वहीं दूसरा ब्लाक 28 जून की रात 23.00 बजे से 2.30 बजे तक होगा। इसकी वजह से 28 जून को 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 25 व 28 जून को 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 26 व 29 जून को 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर, 25 व 28 जून को 58205 रायपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 26 एवं 29 जून को 58206 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर, 26 व 29 जून को 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर और 28 जून को 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द की जाएगी।

## बार संचालक पर हमला, एक आरोपी गिरफ्तार, दो अभी भी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तारबाहर क्षेत्र में बार संचालक तौसीफ खान पर जानलेवा हमला करने वाले तीन फरार आरोपियों में से एक आरोपी सलमान खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपी नाजिम खान तथा सैयान बुखारी अभी भी फरार हैं।



आरोपी

भारतीय नगर में रहने वाले तौसीफ खान एमिगोस बार के संचालक हैं, उन्होंने थाने में एफआईआर दर्ज कराई 31 मार्च की रात रात एक बजे नाजिम खान का फोन उनके फोन में बार-बार आ रहा था। जब उन्होंने कॉल उठाया तो आरोपी नाजिम व उसके साथियों ने दारू की मांग की वही मना करने पर फोन पर ही गाली गलौज करने लगे और न देने की स्थिति में बार मे तोड़ फोड़ करने की धमकी देने लगे। तौसीफ खान यह सुनकर मौके पर पहुँचे तो नाजिम खान ने डंडे से व उसके साथी सैयान बुखारी व सलमान खान ने हाथ मुक्के से मारपीट कर दी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5), 119(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस को अभी भी फरार दो आरोपियों की तलाश है।

### थाने में सेटिंग कराने का झांसा, युवक से 1 लाख की वसूली, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** थाने में सेटिंग कराने का झांसा देकर एक युवक से 1 लाख रुपए की वसूली करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके दो साथी फरार हैं।

तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया कि महासमुंद सरईपाली मोहदा निवासी रूपेश पटेल पिता पवित पटेल 19 जून को निजी काम से बिलासपुर आए थे और अपने दोस्त दो युवती से मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच विवाद हो गया। जिससे युवतियां युवक को लेकर रिपोर्ट लिखाने तारबाहर थाने गए। युवक ने यह बात अपने दोस्त सचिन मेहर को फोन पर बताया उसके खिलाफ रिपोर्ट लिखाने युवती थाने आ गई है। उसने यह बात व्यापार विहार निवासी सुमित देवांगन व महेन्द्र देवांगन को बताई। तीनों ने थाने में सेटिंग कराने की बात कहते हुए उससे 5 लाख रुपए की मांग की। पुलिस के डर से रूपेश के घरवालों ने सुमित देवांगन के बैंक खाते में 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद शेष रकम के लिए दोनों लगातार फोन कर रहे थे। रूपेश ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सुमित, देवांगन, सचिन मेहर, महेन्द्र देवांगन के खिलाफ बीएनएस की धारा 08, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर सुमित देवांगन को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप

### जिला परिवहन अधिकारी शर्मा ने ग्रहण किया पदभार



**मुंगेली।** जिले के परिवहन विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत आनंद शर्मा ने जिला परिवहन अधिकारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने जिले में परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया है। कार्यालय परिसर में पौधरोपण करने की बात कही। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकार से चर्चा करते हुए आनंद शर्मा ने कहा कि जिले में सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित परिवहन सेवाएं प्रदान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, आम नागरिकों को आरटीओ कार्यालय से संबंधित विभिन्न सेवाओं, जैसे लाइसेंस और वाहन पंजीकरण, को सरलता से और समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आम जनता के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए और कार्यालय में किसी भी प्रकार की दलाली या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे अपने वाहन दस्तावेज हमेशा दुरुस्त रखें और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। श्री शर्मा ने आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए कार्यालय में पौधरोपण कराने की बात कही।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर से की निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायत




**धरमपुरा।** जनपद पंचायत मुंगेली के क्षेत्र क्रमांक 19 धरमपुरा की जनपद सदस्य निकिता राजा घृतलहरे ने ग्राम पंचायत धरमपुरा के सरपंच पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में पंचायत के विभिन्न निर्माण कार्यों में गड़बड़ी, फर्जी भुगतान और सरकारी योजनाओं में अनियमितता की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। जनपद सदस्य निकिता घृतलहरे द्वारा सौंपे गए शिकायत पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत धरमपुरा में 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग में गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं। आरोप है कि कई निर्माण कार्यों में बिना कार्य कराए ही राशि निकाल ली गई और फर्जी भुगतान कर शासकीय धन का दुरुपयोग किया गया। शिकायत में विशेष रूप से हाई स्कूल परिसर में हुए मुरुमीकरण कार्य और सीसी गली निर्माण कार्य को स्तरहीन किया गया है। शिकायत के अनुसार राशन कार्ड बनवाने, शौचालय निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से अवैध रूप से राशि वसूली की जा रही है। यह भी आरोप लगाया गया कि पुराने घरों को आवास योजना के अंतर्गत पास कराने के नाम पर लोगों से पैसे लिए जा रहे हैं। जनपद सदस्य ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। आवेदन देने वालों में पवित्र, छेदीलाल नागेश, गजराज, सावित्री साहू, दीपाली निर्मलकर, सुनीता साहू, रुद्राणी, रेखा कोदन देवकी श्यामा मधु महात्रिन बंजारे सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

### सिलतरा के सरपंच एवं सचिव के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत सिलतरा के सरपंच एवं सचिव के खिलाफ पंचायत कार्यों में कथित मनमानी, नियमों की अनदेखी तथा वित्तीय अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने बिलासपुर कलेक्टर से शिकायत दर्ज कर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पंचायत में कई महीनों से नियमित पंचायत बैठक एवं ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत संचालन में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि पंचायत बैठकों में निर्वाचित महिला पंचों की जगह उनके पति उपस्थित रहते हैं। वहीं महिला सरपंच की अनुपस्थिति में उनके पति द्वारा बैठकों का संचालन किए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए महिला जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन बताया है। इसके अलावा शिकायत में कहा गया है कि मूलभूत मद के तहत प्राप्त राशि के उपयोग में अनियमितता बरती गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ता में संतोष यादव, त्रिलोकी साहु, राजिम, मनबोध साहू, जलेश्वर साहू, अश्वनी कुमार, इतवारी, पुनीत साहू, श्यामू, शारदा, शतानंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बेशकीमती कोटवारी सेवा भूमि को बचाने साथ आया पक्ष-विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

- नपा अध्यक्ष व पार्षदों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- जमीन परिषद को देने की उठी मांग

नगर के मुंगेली रोड स्थित बेशकीमती कोटवारी सेवा भूमि को नगर पालिका को हस्तांतरित करने एवं अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पक्ष-विपक्ष के पार्षदों ने प्रशासन के समक्ष बड़ा मुद्दा उठाया हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया है कि शहर के बीच स्थित सेवा भूमि पर रसूखदारों द्वारा लगातार बेजा कब्जा किया जा रहा है, जिससे शासकीय भूमि का दुरुपयोग हो रहा है। इस संबंध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन मानस मंच पर आयोजित वृहद पंजीकरण शिविर में सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र लोरमी के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित सेवा भूमि लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में है। भूमि नगर के मध्य एवं मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण काफी महत्वपूर्ण है और नगर विकास कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। उक्त भूमि पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है, जिसकी शिकायत समय-समय पर राजस्व अधिकारियों से की जाती रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने प्रशासन से मांग की है कि सेवा भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। साथ ही उक्त भूमि को नगर पालिका लोरमी के अधीन हस्तांतरित कर विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाए, ताकि क्षेत्र में जनहित के कार्यों को गति मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सुजीत वर्मा, डॉ. अशोक जायसवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, नेता प्रतिपक्ष सालिक बंजारे पार्षद, वार्ड क्र. 15, सीमा मनीष त्रिपाठी पार्षद, वार्ड क्र 3, कृष्ण कुमार निषाद पार्षद, वार्ड क्र. 8, शिवशंकर यादव पार्षद, वार्ड क्र. 17, सभापति पूर्णिमा घनश्याम यादव पार्षद, वार्ड क्र. 18, शशांक वैष्णव पार्षद, वार्ड क्र. 7 धारणी पुरुषोत्तम राजपूत पार्षद, वार्ड क्र. 10, धनंजय दुबे पार्षद, वार्ड क्र. 12, सभापति राजेन्द्र सलूजा पार्षद, वार्ड क्र. 13, सोहन डड़सेना पार्षद, वार्ड क्र. 14, रमा अहिरवार पार्षद, वार्ड क्र. 16, पुष्पा छेंदु यादव पार्षद, वार्ड क्र. 9 शामिल हैं।



### शीघ्र कार्रवाई करने की मांग

पार्षदों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बेशकीमती शासकीय भूमि पूरी तरह अतिक्रमण की भेंट चढ़ सकती है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है, जिससे नगर हित में इस भूमि का उपयोग सुनिश्चित हो सके। गौरतलब है, कि इतिहास में पहली बार ऐसा बड़ी पहल एवं एकजुटता देखने को मिल रही, की किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर के लिए पक्ष विपक्ष दोनों ही दल के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों पार्षदो ने बड़ी संख्या में लोरमी के विकास के लिए बेस कीमती सरकारी जमीन को बचाने बड़ी पहल कर नगर पालिका को देने की मांग कर बड़ी मैजेस दिया जा रहा हैं कि लोरमी के विकास से बड़ा कुछ नही हो सकता है,जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## नियमितीकरण का वादा अब भी अधूरा

# संविदा बिजली कर्मियों की अनदेखी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

प्रदेश के बिजली विभाग में कार्यरत संविदा विद्युत कर्मियों के बीच लगातार बढ़ती नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है। वर्षों से जोखिम भरे कार्य कर रहे संविदा लाइनमैन और विद्युत कर्मियों का कहना है कि उन्हें नियमित करने के नाम पर केवल आश्वासन मिले, लेकिन आज तक उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी।

संविदा कर्मियों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में उनकी भर्ती की गई थी। उस समय यह उम्मीद जताई गई थी कि एक निश्चित अवधि तक सेवा देने के बाद उन्हें नियमित किया जाएगा। लेकिन सरकार बदलने के बाद कांग्रेस शासनकाल में इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई और मामला वर्षों तक लंबित पड़ा रहा। विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने भी संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को प्रमुख मुद्दा बनाया था। सत्ता में आने पर नियमितीकरण का भरोसा दिया गया था, लेकिन सरकार बनने के बाद भी अब तक कोई स्पष्ट नीति या निर्णय सामने नहीं आया है। इससे हजारों संविदा कर्मियों और उनके परिवारों में निराशा का माहौल है। कर्मचारी संगठनों ने सरकार से मांग की है कि संविदा विद्युत कर्मियों के नियमितीकरण पर शीघ्र निर्णय लिया जाए, दुर्घटना में मृत एवं



## बिजली कर्मी बेहोश होकर खंभे में ही लटकता रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

बिजली लाइन के सुधार कार्य कर रहा एक कर्मचारी करंट लगने से बेहोश होकर लटकता रहा। उसे उसके साथ गए एक अन्य कर्मी ने उतारा। तखतपुर के अस्पताल में प्रारंभिक उपचार करने के बाद घायल कर्मी को बिलासपुर रेफर किया गया है।

**खास बात**
- प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर

मिली जानकारी के अनुसार संविदा विद्युतकर्मी छोटे लाल रात्रे जरेली स्थित सबस्टेशन पर बेलसरी की ओर वितरण में आई खराबी को ठीक करने खंभे में चढ़ा हुआ था। काम करने खंभे में चढ़ने से पहले सभी सप्लाई स्वयं छोटे लाल ने बंद की थी। साथ ही वह सुरक्षा उपकरण से लैस था। काम करते समय अचानक उसके पीछे वाले तार में रिटर्निंग करंट आ गया। जिसमें उसका शरीर छू गया। तार से छूते ही छोटे लाल बेहोश हो गया। साथ में गए अन्य विद्युतकर्मियों ने तत्काल से उसे खंभे से उतारा और इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। वहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

बेहोश कर्मी को नीचे उतारते विभाग की टीम।

**कारण की जांच कराएंगे**

इस संबंध में बरेला के सहायक यंत्री शेखर सोनी ने कहा कि बेलसरी की ओर सप्लाई में कुछ खराबी थी, जिसे ठीक करने के लिए बिजली कर्मी सबस्टेशन में काम करने गए थे। काम करते समय रिटर्निंग करंट आ जाने के कारण यह हादसा हुआ। उसकी हालत खतरे से बाहर है। रिटर्निंग करंट कैसे और कहां से आया, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

घायल कर्मियों के परिवारों को उचित सहायता दी जाए तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। संविदा कर्मियों का कहना है कि बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि ठोस कार्यवाही की आवश्यकता है। भर्ती के समय से अब तक इनकी संख्या आधी हो गई कई दुर्घटना में मर गए या अपाहिज हो गए, कुछ ने निराशा से नौकरी छोड़ दी है। जितने युवाओं की भर्ती हुई थी उनमें 41 नहीं रहे। 2471 कर्मचारी पूरे प्रदेश में कार्यरत हैं, जो 21 जून से नियमित करने हड़ताल पर चले गए हैं। शासन ने गंभीरता दिखाते हुए रविवार को सभी को नोटिस जारी कर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### कई कर्मियों की हो चुकी है मौत

प्रदेश में कई संविदा विद्युत कर्मी ड्यूटी के दौरान करंट लगने, झुलसने और दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं। कई कर्मियों ने अपनी जान गंवाई, जबकि अनेक गंभीर रूप से घायल हुए। इसके बावजूद संविदा कर्मियों की सेवा सुरक्षा, स्थायी नियुक्ति और सामाजिक सुरक्षा के मुद्दे अब भी अधर में लटके हुए हैं। संविदा कर्मियों का कहना है कि वे वर्षों से स्थायी कर्मचारियों के समान जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। दिन-रात बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो स्थायी नौकरी का भरोसा मिला और न ही भविष्य की सुरक्षा। ऐसी स्थिति बन गई है कि वे नौकरी छोड़ भी नहीं सकते और अनिश्चित भविष्य के साथ काम करने को मजबूर हैं।

# देरी से मिली अंकसूची में खामियां, पालक परेशान



- सुधार के लिए वापस मंगाई जा रही मार्कशीट

**मुंगेली।** कक्षा 5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों को इस वर्ष अंकसूचियां काफी देरी से मिलीं, लेकिन उनमें भी बड़ी संख्या में त्रुटियां सामने आने से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है। मुंगेली जिले में सैकड़ों अंकसूचियों में विद्यार्थियों के नाम, जन्मतिथि और स्कूलों के नाम गलत दर्ज पाए गए हैं। स्थिति यह है कि जिले के कई स्कूलों ने त्रुटिपूर्ण अंकसूचियों का वितरण ही रोक दिया है, जबकि वितरित की जा चुकी अंकसूचियों को भी सुधार के लिए वापस मंगाया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पिछले वर्ष से कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष परीक्षाओं के परिणाम 30 अप्रैल को घोषित कर दिए गए थे, लेकिन मुंगेली जिले के विद्यार्थियों की अंकसूचियां स्कूलों तक पहुंचने में लगभग डेढ़ माह से अधिक का समय लग गया। ये अंकसूचियां पिछले सप्ताह ही स्कूलों को उपलब्ध कराई गईं। जानकारी के अनुसार मुंगेली सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से अंकसूचियों में गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई हैं। कई विद्यार्थियों के नाम गलत छपे हैं, जबकि जन्मतिथि में तारीख और वर्ष की अदला-बदली कर दी गई है। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि बड़ी संख्या में अंकसूचियों में स्कूलों और परीक्षा केंद्रों के नाम भी गलत प्रिंट हो गए हैं। कई जगह नाम ऐसे दिखाई दे रहे हैं मानो किसी विदेशी या चीनी भाषा में लिखे गए हों। अंकसूचियों में हुई इन त्रुटियों के कारण मुंगेली के विद्यार्थियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे स्कूलों में प्रवेश, आधार कार्ड अपडेट कराने या अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए अंकसूची का उपयोग करने वाले छात्रों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। शिक्षा विभाग ने त्रुटियों की जानकारी अंकसूची तैयार करने वाली एजेंसी को दे दी है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों से त्रुटिपूर्ण अंकसूचियों को विकासखंड शिक्षा कार्यालयों में वापस मंगाया जा रहा है और सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## अमरटापू मंदिर के दोनों ओर बन रही सड़क, अफसरों ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते अधिकारी।

**मुंगेली।** जिले के मोतिमपुर अमरटापू मंदिर के दोनों ओर 1.70 किलोमीटर पहुंच मार्ग एवं आगर नदी पर पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य के लिए 397.18 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं 383.23 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्माण कार्य के अंतर्गत आगर नदी पर 15-15 मीटर स्पान के चार स्लैब, दो एबटमेंट, तीन पियर तथा पुल के दोनों ओर पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाना है। अब तक एक स्लैब का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा दूसरे स्लैब का कांक्रीट कार्य जारी था। ईई पी डब्ल्यू डी शरद सतपथी ने बताया कि स्लैब कास्टिंग के समय मिक्सर मशीन चालक की लापरवाही के कारण मशीन का पहिया स्लैब की स्टील सेंटरिंग प्लेट पर चढ़ जाने से सेंटरिंग प्लेट एवं ताजा कांक्रीट (ढलाई) का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित हिस्से को तत्काल हटाकर पुनः गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ढलाई शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। साथ ही संबंधित कार्य का अब तक ठेकेदार को कोई भुगतान भी नहीं किया गया है। क्षतिग्रस्त कार्य का भुगतान नहीं किया जाएगा तथा निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण होने के बाद ही नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जिला प्रशासन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्य की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित, टिकाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना उपलब्ध करायी जा सके।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने किया 72 यूनिट से अधिक रक्तदान




**जरहागांव।** मोहर्रम की आठवीं तारीख पर हजरत इमामे हुसैन एवं कर्बला के शहीदों की याद में मुस्लिम समाज द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्रीराम ब्लड बैंक, बिलासपुर तथा जिला चिकित्सालय मुंगेली के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में मुस्लिम समाज के युवाओं एवं वरिष्ठजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में 72 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शेख जैनुल, अजमत हुसैन (नट्टू जायसी), हनीफ अहमद सहित समाज के अनेक बुजुर्गों एवं युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगी संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और समाज में मानव सेवा की भावना को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# अफसरों ने देखी जिला जेल की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- बैरकों का भ्रमण कर बंदियों से किया संवाद



जेल में बोर्ड ऑफ विजिटर्स का दौरा।

जिला जेल में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं विधिक सहायता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याओं, सुविधाओं तथा न्यायिक सहायता से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन परीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस निरीक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी सहित अधिकारियों की टीम ने जिला जेल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल की विभिन्न बैरकों का भ्रमण कर बंदियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेने के साथ-साथ बंदियों के स्वास्थ्य, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, भोजन कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अभिरक्षाधीन बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता की भी समीक्षा की गई। बंदियों से यह जानकारी ली गई कि उन्हें अपने प्रकरणों की पैरवी के लिए आवश्यक कानूनी सहायता मिल रही है या नहीं। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के माध्यम से प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों ने जेल लीगल एड क्लिनिक के कार्यों की समीक्षा करते हुए बंदियों को समय पर और प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों के अधिकारों की रक्षा, न्याय तक उनकी सहज पहुंच सुनिश्चित करना तथा जेल में उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाना रहा। निरीक्षण दल में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती जसविन्दर कौर अजमानी मलिक, अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती कंचन लता आचला, थाना प्रभारी कार्तिकेश्वर जांगड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान जेल अधीक्षक सुश्री ममता पटेल एवं विधिक सहायता से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित थे।

## आपातकाल पर भाजपा की पत्रवार्ता

# आपातकाल के दौरान किया गया नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष पाठक, भाजपा प्रवक्ता मिट्ठूलाल यादव एवं कार्यालय प्रभारी कोतटूमल दादवानी उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में देश पर आपातकाल थोपा गया था, जिसे भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय माना जाता है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए गए तथा विपक्षी नेताओं एवं पत्रकारों को जेलों में डाल दिया गया। उन्होंने बताया कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में लोकतंत्र की रक्षा के लिए व्यापक जनआंदोलन हुआ और लाखों लोगों ने संघर्ष करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। आपातकाल के दौरान मीडिया पर सेंसरशिप लगाई गई तथा असहमति के स्वर को दबाने का प्रयास किया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष पाठक ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को आपातकाल के इतिहास से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि भविष्य में कोई भी सत्ता लोकतांत्रिक संस्थाओं और संविधान की मर्यादाओं को चुनौती देने का दुस्साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आपातकाल का स्मरण केवल इतिहास को याद करना नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति जनजागरण का माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से लोकतांत्रिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता के अंत में उपस्थित नेताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।




आपातकाल के बारे में चर्चा करते जिला पंचायत अध्यक्ष।

# कांग्रेस ने संविधान को कुचलने का काम किया है: सिंह



**गौरेला।** कांग्रेस का अगर असली चेहरा अगर हमें देखना है तो आपातकाल के विषय पर हमें जानना और पढ़ना चाहिए कि केवल सत्ता के लिए कैसे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान का अपमान कर आपातकाल लागू किया। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के निर्देश पर जिला भाजपा के द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेस में रायपुर संभाग के सहप्रभारी और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजीव सिंह ने कही। प्रेस कांफ्रेस को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सत्ता के देश की जितने भी हथकंडे अपनाने पड़े उन्होंने अपनाए है, हम सब जानते हैं कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तब के प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल लगा दिया था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई।